* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 08 अक्टूबर, 2024, मंगलवार, वर्ष 09, अंक 348, आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

हमारी किसी न किसी योजना से जनता अंतिम सांस तक जुड़ी रहती है: कल्पना



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

मंईयां सम्मान यात्रा

नवरात्रि

के पावन अवसर पर जारी हो रही

तीसरी किस्त

आज से




सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 338343 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |



# पूरी तरह 'ओपेन' है झारखंड का विधानसभा चुनाव

## ■ मतदाता उत्साहित हैं, बराबर का मुकाबला होना तय माना जा रहा

## ■ न सत्ता पक्ष हो सकता है निश्चिंत और न विपक्ष कर सकता है रिलैक्स

## ■ चुनाव जीतने के लिए दोनों पक्षों की तरफ से झोंकनी होगी पूरी ताकत

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी चरम पर है। चुनाव की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है। इस गहमा-गहमी के बीच सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन और विपक्षी एनडीए के बीच चुनावी मुकाबले की जमीन तैयार की जा रही है। सत्ता पक्ष की तरफ से कमान झामुमो के पास है, तो विपक्ष की तरफ से भाजपा ने मोर्चा संभाल रखा है। दोनों तरफ से एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जमीन टटोली जा रही है, दांव-पेंच को आजमाया जा रहा है और मुकाबले में उतरनेवाले योद्धाओं की तलाश जोर-शोर से की जा रही है। कहां कौन लड़ेगा और किस दल से लड़ेगा, इसका हिसाब बैठाया जा रहा है, तो कहां किस जाति का कितना वोट है और किस जाति का वोटर किसके पक्ष में वोट करेगा, इसके पीछे के समीकरणों को साधने के लिए तरह-तरह के उपाय किये जा रहे हैं। योजनाओं और वादों की प्रतिस्पर्धा के बीच वोटर्स अपना तराजू भी लिये बैठे हैं। फिलहाल यह तराजू किसी को आश्वस्त करता नहीं दिख रहा। वहीं झारखंड विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरनेवाले दोनों गठबंधनों की तरफ से हर तरह के घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं। इस शोरगुल में झारखंड की आम जनता भी उत्साहित नजर आ रही है। इस उत्साह के कारण राजनीतिक दल अलग ही पसोपेश में हैं। यह उत्साह सत्ता पक्ष के लिए ज्यादा है या जनता बदलाव के मूड में है, कोई भी फिलहाल आकलन करने की स्थिति में नहीं है। इस कारण चुनावी हवा किस दिशा में बह रही है, राजनीतिक दलों को इसका तनिक भी अंदाजा नहीं लग पा रहा है। दोनों पक्षों को अपने-अपने हथियारों की ताकत पर भरोसा तो है, लेकिन परिणाम को लेकर निश्चिंत होने की स्थिति अब तक नहीं बनी है। न तो सत्ता पक्ष अपने पक्ष में माहौल बनने का दावा कर सकता है और न ही विपक्ष ने अपने पक्ष में माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है। जहां तक चुनावी मुद्दों की बात है, तो दोनों ही पक्षों ने इसे तय कर लिया है, लेकिन उन मुद्दों को वोट में कैसे बदला जाये, इसी रणनीति पर विचार विमर्श भी चल रहा है। कोई मंईयां सम्मान की बात कर रहा है, तो कोई गोगो दीदी की। हर अस्त्र का काट पक्ष-विपक्ष के पास होने का दावा भी है। फिलहाल झारखंड विधानसभा का चुनाव अब तक पूरी तरह 'ओपेन' दिखाई दे रहा है। क्या है झारखंड का चुनावी परिदृश्य और क्या है दोनों पक्षों की स्थिति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

चुनावी भ्रमण के दौरान आजाद सिपाही की टीम ने झारखंड के मतदाताओं का मन टटोला। एक तरफ जहां ज्यादातर वोटर्स उत्साहित दिखे तो दूसरी तरफ बहुतों ने चुप्पी साधी हुई है। लेकिन उनकी चुप्पी भी बड़ा संकेत दे रही है, जिसे समझना उतना मुश्किल भी नहीं है। झारखंड के मतदाता बड़े जागरूक हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। उनमें राजनीतिक समझ ज्यादा है। भले उनका जीवन अभाव में बीत रहा हो, लेकिन राजनीतिक परिपक्वता के कारण वे बड़े ही उत्साहित हैं। उन्हें पता होता है कि कौन उनका इस्तेमाल कर रहा है और कौन उनके भले के बारे में सोच रहा है। इसलिए वे भी राजनीतिक दलों के हिसाब से ही सोचते हैं। उनकी अलग ही राजनीति चलती है, जो दलों को परेशान भी करती है। ग्रामीणों में भी दो तबका है। एक जो साफ-साफ बात करता है और दूसरा अपना मुंह खोलता तो नहीं है लेकिन अपनी मंशा स्पष्ट कर देता है। इस बार के विधानसभा चुनाव में शहरी मतदाताओं के मुकाबले ग्रामीण मतदाता अपनी ज्यादा चिंता कर रहा है। क्योंकि वह उम्मीद कर रहा है कि कौन उसे क्या परोसने वाला है। और कौन ज्यादा विश्वसनीय है। संथाल से लेकर कोल्हान भ्रमण के दौरान कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाये तो कहा नहीं जा सकता कि बाजी किसके हाथ में जायेगी। फिलहाल सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अभी अपनी पूरी गोटियां सेट नहीं की हैं। अभी तो महामुकाबला शुरू हुआ है। शाह-मात के इस खेल में अभी तो दोनों ओर से कई दांव-पेंच आजमाने बाकी हैं। अभी बहुत कुछ देखने ओर सुनने को मिलने वाला है। अभी तो असली कार्यक्रम शुरू कहां हुआ है। अभी तो आवागमन का सिलसिला असली स्वरूप लेने वाला है। इस लिए यह विधानसभा चुनाव बड़ा ही रोचक बनता जा रहा है। इस चुनाव से केवल झारखंड की सत्ता का द्वार ही नहीं खुलेगा, बल्कि





इस बार पार्टियों और गठबंधनों के वास्तविक आकार का लिटमस टेस्ट भी करेगा। यह चुनाव 24 साल के गबरू जवान झारखंड की राजनीतिक दशा और दिशा भी तय करेगा। लेकिन इस चुनाव की सबसे विचित्र स्थिति यह है कि अब तक इसकी दिशा का पता नहीं चल पा रहा है। यह पहली बार है, जब चुनाव से ठीक पहले झारखंड का सियासी माहौल आम लोगों की नजर में पूरी तरह ठंडा और स्थिर है। लोगों को न इस बात की चिंता है कि किसकी सरकार है और न इस बात का फिक्र है कि आगे क्या होगा।

### दोनों पक्षों ने सामने रख दिये हैं मुद्दे

विधानसभा चुनाव के लिए दोनों पक्षों ने अपने-अपने मुद्दे जनता के सामने रख दिये हैं। सत्ताधारी गठबंधन की तरफ से मुख्य भूमिका में झामुमो है, तो विपक्ष की कमान भाजपा ने संभाल रखी है। सत्ताधारी गठबंधन के दूसरे सहयोगी दल, कांग्रेस, राजद और वामदल महज दर्शक बने हुए हैं, तो विपक्षी गठबंधन के सहयोगी दल, आजसू, जदयू और अन्य भी फिलहाल चीयर लीडर की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। दोनों ही पक्षों ने यात्राओं के माध्यम से अपने-अपने मुद्दों को सामने रख दिया है। सत्ता पक्ष के पास मंईयां सम्मान योजना के साथ दूसरी कल्याणकारी योजनाएं हैं, तो विपक्ष की तरफ से भाजपा ने ह्यपंच प्रणह्ण नामक अपना संकल्प पत्र जारी कर चुनावी वायदों का पिटारा खोल दिया है। मंईयां सम्मान योजना की काट में विपक्ष ने गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये प्रतिमाह मिलने का फार्म भी भरवाना शुरू कर दिया है। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने भी आ गये हैं। एक तरफ जहां झामुमो का कहना है कि फार्म भरवा कर विपक्ष आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है, तो भाजपा का कहना है कि सत्ता पक्ष दरअसल डर गया है। उसे पता ही नहीं है कि अभी तक राज्य में आचार संहिता लागू नहीं हुई है। इसलिए उसके उल्लंघन का सवाल कहां है। यही नहीं, भाजपा ने सत्ता पक्ष से यह सवाल भी किया है कि पिछले लोकसभा चुनाव में जब राजीव गांधी और कांग्रेस खटाखट फार्म भरवा रहे थे, तब उन्हें आचार संहिता उल्लंघन का ध्यान नहीं आया।

### क्या है झारखंड के चुनावी मुद्दों की स्थिति

झारखंड में मुद्दों की कोई कमी नहीं है। नीतिगत और राजनीतिक मुद्दों को छोड़ भी दें, तो महंगाई, बेरोजगारी, विकास, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और बिजली-पानी-सड़क से जुड़े मुद्दों को चुनावों में उठाया जा सकता है, उठाया भी जाता है, लेकिन इन मुद्दों को लेकर न राजनीतिक दल गंभीर हैं और न संभावित उम्मीदवार। झारखंड के चुनावों में पहाड़ों के गायब होने के कारण बदलता मौसम, मानव तस्करी, पलायन, विस्थापन, शिक्षा और नशाखोरी जैसे मुद्दे राजनीतिक दलों की सूची से बाहर ही रहे हैं। इन मुद्दों पर न तो कोई बात करता है और न कोई बात करना चाहता है।

### मुद्दों की रोशनी में क्या है चुनावी हवा

अब इन चुनावी मुद्दों की रोशनी में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि आखिर झारखंड की चुनावी हवा का रुख किस तरफ है। इस सवाल का उत्तर फिलहाल तो यही है कि झारखंड की चुनावी हवा अभी स्थिर है, यानी पूरा परिदृश्य पूरी तरह ह्यओपेनह्ण है। कोई भी जीत सकता है और कोई भी हार सकता है। लोगों की चुप्पी और राजनीतिक दलों की रणनीतियों से साफ जाहिर हो रहा है कि झारखंड में चुनाव के प्रति न सत्ता पक्ष निश्चिंत हो सकता है और न विपक्ष। सत्ता पक्ष अपनी योजनाओं और पांच साल की उपलब्धियों के सहारे वोट पाने की उम्मीद लगाये बैठा है, लेकिन उसकी उम्मीदें कितनी पूरी होंगी, इसे लेकर वह खुद निश्चिंत नहीं है। दूसरी तरफ विपक्ष को अब तक सत्ता पक्ष की नाकामियों को उजागर कर सत्ता विरोधी लहर पैदा करने में कामयाबी नहीं मिली है, क्योंकि उसके पास ऐसी कोई ठोस कार्य योजना नहीं है। हां विपक्ष इस प्रयास में है कि ऐसा कोई मुद्दा वह लपक ले, जिससे सत्ता पक्ष को असहज स्थिति में ला दे। इन तमाम परिस्थितियों में यदि यह कहा जाये कि झारखंड का राजनीतिक माहौल अभी बेहद उलझा और अस्पष्ट है, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

---

सांसद ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ खोला मोर्चा

## डीसी से 7 दिन के अंदर घुसपैठ की रिपोर्ट मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह डीसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोमवार को फिर से डीसी को पत्र लिखा है। डीसी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन गया है। पर्यावरण के प्रति आपका आचरण और नदियों के साथ प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर अवैध अतिक्रमण जैसे गंभीर विषय पर आपने कोई जवाब नहीं दिया। दो माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी मांगी गयीं सूचनाएं अब तक उपलब्ध नहीं करायी गयीं। प्रशासनिक लापरवाही और जानबूझ कर सांसद के पत्र की अवहेलना करना आपकी कार्यशैली का अंग बन चुका है। लिखा कि पांच दिनों के अंदर मेरे द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आपका मेरे प्रश्नों का उत्तर ना देना आपके खिलाफ न्यायिक समीक्षा में अभिलेख के रूप में देखा जायेगा। मैं बिना पूर्वाग्रह के आप से सकारात्मक प्रति-उत्तर की अपेक्षा रखता हूं।



### बांग्लादेशी घुसपैठ का ब्यौरा करायें उपलब्ध

सांसद ने पत्र में डीसी को यह भी लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर्यावरण एवं प्रदूषण पर जो आपकी प्रशासनिक कार्यशैली रही है। वैसा आचरण न कर गिरीडीह जिला में एक भी अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम ना रहें यह सुनिश्चित करें। कहा कि गृह मंत्रालय को भी इसकी जानकारी दी है। गिरीडीह जिला में शहरी क्षेत्र क्रमश वार्ड के सूची के साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिम की उपस्थिति का ब्यौरा जांच के बाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्र में गिरिडीह जिला के सभी पंचायतों में जांच कर बांग्लादेशी घुसपैठ की उपस्थिति का भी ब्यौरा देना सुनिश्चित करें। सांसद सीपी चौधरी ने सात दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने लिखा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। सोशल मीडिया में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में घुसने की चर्चा हो रही है। गिरीडीह सांसद के रूप में मेरा कर्तव्य है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर जिला प्रशासन को सजग करें। राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है।

---

## नक्सलियों ने 15 अक्टूबर को झारखंड-बिहार बंद का आह्वान किया

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन सैक की सदस्य इनामी महिला नक्सली जया उर्फ चिंता उर्फ मनोरमा की इलाज के दौरान मौत के बाद नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 15 अक्टूबर को एक दिवसीय झारखंड-बिहार बंद का आह्वान किया है। संगठन की बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमिटी के प्रवक्ता आजाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 15 अक्टूबर को दोनों राज्यों में संगठन के बंद को सफल बनाने और इससे पहले 14 अक्तूबर गांव-गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने की जानकारी दी है। जारी विज्ञप्ति में प्रवक्ता आजाद ने कहा कि बंद के दौरान मिल्क वैन और प्रेस की तमाम गाड़ियां मुक्त रहेंगी। प्रवक्ता आजाद ने बताया कि महिला नक्सली जया दीदी की मौत से नक्सली संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है। आजाद के मुताविक जया उर्फ मनोरमा पीरटांड़ थाना इलाके के और पारसनाथ पहाड़ के तलहटी कोल्हुतांड गांव की रहने वाली थीं। जया नक्सली संगठन सांस्कृतिक टीम झारखंड की फाउंडर सदस्य थीं। इस दौरान कई दशक तक नारी मुक्ति आंदोलन की अगुवाई करती रही। इधर काफी महीनों से कैंसर समेत कई बीमारियों से लड़ रही थीं। धनबाद के एक निजी अस्पताल में जया का इलाज चल रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद पुलिस ने इस इनामी और हार्डकोर महिला नक्सली को गिरफ्तार कर गिरिडीह पुलिस को सौंप दिया था।

---

## इडी के नाम पर रांची में करोड़ों की वसूली, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के नाम पर रांची में करोड़ों की वसूली का मामला सामने आया है। उसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। वहीं मामला सामने आने के बाद पंडरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, कई सीओ को इडी की कार्रवाई से दूर रखने के नाम पर यह वसूली की गयी है।

बताया जा रहा है, इडी की कार्रवाई दिखा कर और इडी की चार्जशीट से दूर रखने के नाम पर कई लोगों से करीब सात करोड़ रुपये वसूले गये हैं। बताया जा रहा है कि कई सीओ जमीन से जुड़े मामले में इडी के रडार पर थे। फिलहाल मामले में एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। वहीं मामले में दूसरे पक्ष के द्वारा भी एफआइआर दर्ज की गयी है। आवेदन में अपहरण और जबरन पैसे वसूलने का आरोप लगाया गया है। दूसरे पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुजीत कुमार की ओर से यह आरोप लगाया है, जबकि संजीव पांडे के द्वारा ठगी का आरोप अधिवक्ता सुजीत पर लगाया गया है।

### छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई अब 14 नवंबर को



रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी आइएएस छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए कोर्ट में अब बहस 14 नवंबर को होगी। सोमवार को मामले में सुनवाई टल गयी। मामले में छवि रंजन के खिलाफ आरोप गठन होना है। इससे पहले इनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त होने के लिए 19 जुलाई को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी है। यहां बता दें कि मामले में प्रेम प्रकाश समेत कई आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में छवि रंजन, विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश समेत 10 को इडी ने आरोपी बनाया है, इनके खिलाफ इडी चार्जशीट दाखिल कर चुका है।

---

## 19 अंचल अधिकारियों का तबादला, अधिसूचना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 19 अंचल अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस बाबत भू-राजस्व विभाग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। कमल किशोर सिंह को नामकुम का सीओ बनाया गया है। वहीं ताला तोड़कर चार्ज लेने बाद चर्चा में आये नामकुम के अंचल अधिकारी राम प्रवेश को गुमला जिले के डुमरी अंचल की जिम्मेदारी दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार बोरियो के सीओ विजय हेमराज खलखो को मंझगांव का सीओ बनाया गया है। मंडरो के सीओ पंकज कुमार भगत को बांसजोर भेजा गया है, जबकि बरहेट के सीओ चोनाराम हेंब्रम को करमाटांड़-विद्यासागर का सीओ बनाया गया है। विश्रामपुर के सीओ बनाये गये शंभू राम अब जलडेगा के सीओ होंगे। जमुआ के सीओ मनोज कुमार अब जमशेदपुर के सीओ होंगे। हाल ही में जमशेदपुर के सीओ बनाये गये संजय पांडेय अब जमुआ के सीओ होंगे। जलडेगा की सीओ के रूप में अधिसूचित निशांत अंबर अब घाटशिला की सीओ होंगी और घाटशिला सीओ के रूप में अधिसूचित हिम्मत लाल महतो को फतेहपुर भेजा गया है। अधिसूचना के अनुसार डुमरिया सीओ विजय कुमार-1 को बालूमाथ, तृप्ती विजया कुजूर को बालूमाथ से अड़की, पवन कुमार को अड़की से डुमरिया, मो मोदस्सर नजर मंसूरी को करौं से सेन्हा, राकेश कुमार तिवारी को सेन्हा से विश्रामपुर, फुलेश्वर साय को टंडवा से खूंटपानी, विजय कुमार दास को पोड़ैयाहाट से टंडवा, अरुणिमा एक्का को बलियापुर से सिल्ली और प्रवीण कुमार सिंह को सिल्ली से बलियापुर भेजा गया है।

---

## पुनः चालू होगा खलारी-डकरा का बंद केंद्रीय विद्यालय : संजय सेठ

**सीसीएल के प्रस्ताव पर शिक्षा विभाग की मुहर, अभी पुराने भवन में चलेगा स्कूल, शीघ्र बनेगा नया भवन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/खलारी।** नवरात्रि पर डकरा खलारी क्षेत्र को रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने खुशखबरी दी है। वर्ष 2006 से बंद पड़ा केंद्रीय विद्यालय एक बार पुन आरंभ होने वाला है। आने वाले सत्र 2025- 26 से यहां पढ़ाई भी शुरू हो जायेगी। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी। श्री सेठ ने बताया कि डकरा खलारी का केंद्रीय विद्यालय पुनः आरंभ हो। यहां के बच्चों को अच्छी शैक्षणिक व्यवस्था, अच्छा शैक्षणिक माहौल मिल सके, इस दिशा में उनका प्रयास सांसद बनने के साथ ही 2019 से चालू था। कोयला मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के साथ लगातार समन्वय के बाद अब सुखद परिणाम सामने आया है। सीसीएल के द्वारा पुनः उस केंद्रीय विद्यालय को आरंभ करने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे शिक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। इसे आरंभ करने की स्वीकृति भी दे दी है। शैक्षणिक क्षेत्र 2025-26 से इस विद्यालय में नामांकन और पढ़ाई शुरू हो जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में केंद्रीय विद्यालय के पुराने भवन को ही जीर्णोद्धार किया जायेगा। इस भवन को बेहतर स्थिति में बनाकर विद्यालय का पठन पाठन का कार्य आरंभ किया जायेगा। इसके बाद बहुत जल्द नया भवन भी तैयार होगा, इसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है। नया भवन बिल्कुल अत्याधुनिक होगा, जहां बच्चों के लिए कई सुविधाएं मौजूद होंगी। संजय सेठ ने कहा कि यहां केंद्रीय विद्यालय के आरंभ होने से क्षेत्र के कामगारों ग्रामीण नागरिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सकेगी।



* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 08 अक्टूबर, 2024, मंगलवार, वर्ष 09, अंक 348, आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

## गोगो दीदी योजना : झामुमो ने शुरू किया विरोध, भाजपा हुई हमलावर

# मुख्यमंत्री और भाजपा आमने-सामने

- हेमंत सोरेन ने सभी डीसी को कार्रवाई करने का दिया निर्देश
- बाबूलाल मरांडी ने कहा, मैं खुद फार्म भरवाऊंगा
- हिमंता विस्वा सरमा, अमर बाउरी और प्रदीप वर्मा ने भी साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होना है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड के सभी उपायुक्तों को दिये गये एक निर्देश ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। उस निर्देश के बाद भाजपा हमलावर हो गयी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। बाबूलाल ने हेमंत सोरेन को उन पर (बाबूलाल पर) केस करने की चुनौती तक दे डाली है। दरअसल यह मामला भाजपा की गोगो दीदी योजना से जुड़ा है। इसके तहत भाजपा ने लोगों से सरकार बनने पर मंईयां सम्मान योजना से ज्यादा राशि 2100 रुपये देने का वादा किया है। इसके लिए भाजपा महिलाओं से फार्म भी भरवा रही है। इसी को झामुमो ने मुद्दा बनाया है। झामुमो ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयोग के एक पत्र का हवाला देते हुए लिखा कि आखिर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या? पार्टी ने मुख्यमंत्री से संज्ञान लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए सभी उपायुक्तों को तत्काल कार्रवाई करने और एफआइआर दर्ज करने का निर्देश दे दिया। इस निर्देश के आलोक में रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने यह सूचित भी कर दिया कि कार्रवाई के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके बाद भाजपा हमलावर हो गयी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मैं खुद गोगो दीदी योजना का फार्म भरवाऊंगा। मुख्यमंत्री चाहें तो मेरे खिलाफ कार्रवाई करें।

पढ़ें पेज 12

## सीएम ने सोशल मीडिया पर दिया निर्देश



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो के पोस्ट को री-ट्विट किया। उस पर लिखा कि सभी उपायुक्त संज्ञान लें एवं सुनिश्चित करें कि @ECISVEEP के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को के.चु.आ के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं है। सभी उपायुक्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए सूचना दें।

### झामुमो ने आयोग के पत्र को बनाया आधार

**रांची।** झामुमो ने आयोग के 2 मई 2024 के इसी पत्र को आधार बनाया। झामुमो ने सोशल मीडिया पर पत्र की कॉपी डालते हुए पोस्ट किया कि भाजपा लगातार केंद्रीय चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रही है और कमीशन सो रहा है। आखिर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या? आखिर इतनी छूट के बाद भी 240 ही क्यों? चुनाव आयोग कहता है कि किसी भी तरह का फॉर्म नहीं भरवाया जा सकता है। पर भाजपा के नेता, दल-बदलू लगातार इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग शांत है। हेमंत सोरेन जी संज्ञान लें अन्यथा इंडिया गठबंधन भी अब ऐसे हथकंडे अपनायेगा।

### रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने दिया जवाब

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस पोस्ट पर सबसे पहले रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा है कि आदरणीय के निर्देश का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया है।

### आयोग से दायित्वों के निर्वहन की उम्मीद है : मनोज पांडेय



**रांची।** झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि चुनाव के पहले राजनीतिक दलों से जो उम्मीद की जाती है, उसका पालन होना चाहिए। गोगो दीदी योजना के नाम पर भाजपा रजिस्ट्रेशन करवा रही है। वह भी अनैतिक है। हेट स्पीच भी हो रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। चुनाव आयोग अगर अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाता है तो यह लोकतंत्र के लिए अफसोसजनक है।

## प्रेस नोट में चुनाव आयोग का क्या है आदेश

**रांची।** चुनाव आयोग ने 2 मई 2024 को जारी प्रेस नोट के जरिए कहा था कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित लाभार्थी योजना के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं के विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है। इसे लोक अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1) के तहत रिश्वतखोरी का भ्रष्ट आचरण माना है। इसमें उल्लेख किया गया है कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में लगे हुए हैं, जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को धुंधला करते हैं। आयोग ने वर्तमान आम चुनाव 2024 में कुछ उदाहरणों पर ध्यान देते हुए, सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों को एक सलाह जारी की थी कि वे किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद कर दें और उससे दूर रहें। जिसमें किसी भी विज्ञापन और सर्वेक्षण के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों का पंजीकरण शामिल हो। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट की धारा 127 ए, 123(1) के वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके तहत किसी तरह के लाभ के लिए मोबाइल नंबर जारी कर वोटरों का मिस्ड कॉल रजिस्टर करना, किसी योजना का लाभ लेने के लिए गारंटी कार्ड का वितरण करना, किसी तरह का फॉर्म जारी कर वोटर का डिटेल लेना शामिल था।

## हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा पार्टी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपये प्रति माह भेजे जायेंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके। मैं खुद भी अपनी माताओं बहनों के बीच जाकर उनकी उन्नति और प्रगति के लिए गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाऊंगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जायें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को एक बार फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपा कार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराये हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे। बाबूलाल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान और समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। ऐसा लगता है उन्हे संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं।

### मुख्यमंत्री जी की हताशा देखिये : डॉ प्रदीप वर्मा



**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि जनकल्याण के निमित्त भाजपा झारखंड द्वारा गोगो दीदी योजना की घोषणा के बाद से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चिंतित हैं। इसी चिंता में वे अनाप-शनाप कार्य पर उतारू हो गये हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। प्रशासनिक अमले को भी इसी काम के लिए लगाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपये प्रति माह भेजे जायेंगे। मुख्यमंत्री जी, कान खोल कर सुन लीजिए। भाजपा के कार्यकर्ता इन गीदड़ भभकियों से न डरनेवाले हैं और न ही झुकनेवाले हैं। जनता के हित में उनका अभियान लगातार जारी रहेगा।

### हम किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं कर रहे रहे : हिमंता बिस्वा सरमा



**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में हस्तक्षेप अवैध माना जायेगा।

### गोगो-दीदी योजना से गजब डरी हुई है झामुमो-कांग्रेस-राजद : अमर बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का यह डर अच्छा है! अगर भाजपा राज्य की महिलाओं को हक देने का प्रयास कर रही है तो हेमंत जी को परेशानी है। अभी अगर बांग्लादेशियों को किसी योजना का लाभ देना होता तो हेमंत जी समर्थन में सबसे आगे खड़े होते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के आसपास के मदरसा छाप लोग आधी अधूरी जानकारी देते हैं, इसलिए कुछ चीजें आपको बतानी आवश्यक है। लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी ठगबंधन खुलेआम महिलाओं से खटाखट का फार्म भरवा रहा था। तब मुख्यमंत्री जी को आनंद की अनुभूति हो रही थी। यह नियम आचार संहिता लगने के पश्चात का है, आचार संहिता लगने के पूर्व अगर कोई राजनीतिक दल अपने वादों को लेकर राज्य की जनता के समक्ष जाता है तो उसमें क्या समस्या है? समस्या सिर्फ वैसे लोगों को है, जिनकी जमीन घिसक चुकी है।

### राहुल गांधी का खटाखट भूल गये क्या: प्रदीप सिन्हा



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्तर पर संवैधानिक संस्था के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना बिल्कुल जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग के लिए के.चु.आ. शब्द का इस्तेमाल किया गया है। उनको समझना चाहिए कि केचुआ की भूमिका जमीन को उर्वर बनाने की होती है। आयोग अपने दायित्वों का पूरा निर्वहन कर रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त पिछले दिनों आये थे। सभी का विचार सुना गया था। भाजपा को किसी तरह का फेवर नहीं किया जा रहा है। इनको याद होना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी ने खटाखट किया था। फॉर्म भी भरवाये थे। भाजपा कोई असंवैधानिक काम नहीं कर रही है।

### हमारी किसी न किसी योजना से जनता अंतिम सांस तक जुड़ी रहती है: कल्पना



**घाघरा, सिसई, बिशुनपुर।** मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान सोमवार को यहां सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य की जनता को अंतिम सांस तक सरकारी योजना से जोड़े रखने का काम किया है।

### न्यूज रील्स

#### फैसले का दिन: हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव के नतीजे आज आयेंगे

**नयी दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम आज घोषित किये जायेंगे। कांग्रेस का एग्जिट पोल से मनोबल बढ़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी दावा कर रही है कि वो हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी, जबकि जम्मू-कश्मीर में वह और नेशनल कांफ्रेंस मिल कर सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटें जीत जायेंगे। वहीं, भाजपा का कहना है कि वो लगातार तीसरी बार हरियाणा की सत्ता में वापसी करेगी और जम्मू-कश्मीर में उसके बिना कोई सरकार नहीं बन पायेगी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं। यहां तीन चरणों में 18 और 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले गये थे।

## मुख्यमंत्री ने रांची में अपोलो अस्पताल की रखी आधारशिला

# मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: हेमंत सोरेन

- इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 291 लाभुकों को नवनिर्मित आवास की सौंपी चाबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। इसी क्रम में आज एक ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है, तो दूसरी तरफ लोगों का अपना आवास होने का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 बिस्तर से ज्यादा क्षमता वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने के मौके पर बोल रहे थे। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत रांची के इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंप कर उनके अपने आशियाना होने के सपने को साकार किया।



### विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास जारी

सीएम हेमंत ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य समेत अन्य सभी क्षेत्रों में वैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में बेहतरीन सेवा देने के लिए अलग पहचान है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा यहां विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान संस्थान कई और संस्थान एक ही परिसर में खोले जा रहे हैं। इस राज्य में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने वालों को सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से हो रहा है विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। चिकित्सा सेवा प्रणाली में जो कमियां हैं, उसे दूर किया जा रहा है। यहां के गरीब लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि बड़े अस्पतालों में महंगा इलाज से उन्हें निजात मिल सके।

### कोरोना ने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। खासकर, झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब राज्य में अस्पतालों चिकित्सकों और दवाओं समेत अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की कितनी कमी है, यह मालूम हुआ। हमारी सरकार ने इस महामारी की वजह से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना पर जीत प्राप्त की। इसी के पास हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया, ताकि अपने राज्य की जनता को बेहतर और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, प्रशासक नगर निगम संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।









## महत्वपूर्ण खबरें

### केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड एनर्जी रिसर्च (एनएसीसीआर) का उद्घाटन किया




रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएमपीडीआइ मुख्यालय-रांची में स्थापित नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड एनर्जी रिसर्च ( एनएसीसीआर ) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने कहा कि एनएसीसीआर कोयला और ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि एनएसीसीआर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग के सहयोग से भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवाचारों पर जोर देना चाहिए। कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव रूपिंदर बरार और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सेल और बीएचपी ने स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए एमओयू किया



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और बीएचपी ने स्टीलमेकिंग डीकाबोर्नाइजेशन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। यह साझेदारी भारत में ब्लास्ट फर्नेस रूट के लिए लो-कार्बन स्टीलमेकिंग टेक्नोलॉजी वाले तरीकों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल बीएचपी के साथ इस समझौते को टिकाऊ तरीके से स्टील उत्पादन के विकास की दिशा में भविष्य की ओर एक बढ़ते कदम के रूप में देख रहा है। बीएचपी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, राग उड ने कहा कि हम सेल के साथ अपने संबंध को और बढ़ाने तथा मजबूत करने के लिए बेहद खुश हैं। हम मानते हैं कि इस उद्योग को डीकाबोर्नाइज करना एक चुनौती है, जिसे हम अकेले पूरा नहीं कर सकते हैं। इस समझौते से स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी और भारत में इस्पात उद्योग को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के साथ लेकर चलने में मदद मिलेगी।

### दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल



रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा महोत्सव 2024 के सिलसिले में महानगर दुर्गा पूजा समिति और सद्भावना समिति का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रांची प्रक्षेत्र अनूप बिरथरे से मिला। महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संयोजक डॉ. अजीत कुमार सहाय ने बताया कि रांची में दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने आयुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक से महिला पुलिस बल की तैनाती और विसर्जन शोभायात्रा के लिए वाहनों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। प्रमंडलीय आयुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर की जाएंगी। उन्होंने रांची की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने की बात कही। इस बैठक में महानगर दुर्गा पूजा समिति, सर्वधर्म सद्भावना समिति और केंद्रीय शांति समिति के पदाधिकारी शामिल थे।

### सीपीआइ का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बिशुनपुर में संपन्न

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले के बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को सीपीआइ का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इस मौके पर पीके पांडेय ने कहा कि सीपीआइ के कार्यकर्ता शोषित और वंचितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में सीपीआइ के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर जोर दिया। अजय सिंह ने कहा कि झारखंड बनने के बाद स्थानीय नीति के आंदोलन से निकले नेता विधायक बने, लेकिन विकास नहीं हुआ। पुष्कर महतो ने जल-जंगल-जमीन की रक्षा और समता जजमेंट को लागू करने की मांग की। सम्मेलन में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से अनिल असुर जोनी उरांव, मिजोव, रोजलिन तिर्की, सीताराम उरांव, इंदु सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### 17वीं राष्ट्रीय कुड़ुख तीन दिवसीय कार्यशाला भोपाल में आयोजित होगी



रांची (आजाद सिपाही)। कुड़ुख लिटरेरी सोसायटी ऑफ इंडिया नयी दिल्ली की ओर से 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में तीन दिवसीय 17वीं राष्ट्रीय कुड़ुख कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इस कार्यशाला में झारखंड, बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, असम, अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और कोलकाता से लगभग 250 प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यशाला में कुड़ुख भाषा और साहित्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही, कुड़ुख भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग पर भी चर्चा की जायेगी। झारखंड से 61 प्रतिभागी इस कार्यशाला में शामिल हो रहे हैं, जिनमें रांची विश्वविद्यालय और विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसर और शोधार्थी शामिल हैं।

# उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ मतदान केंद्र के 200 मीटर परिधि के बाहर रहेंगे

**मतदान केंद्र पर बने प्रत्याशियों के शिविर में उनका प्रतीक चिह्न, झंडे लगाना प्रतिबंधित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले खर्च की सीमा 40 लाख रुपये तक की राशि तय की गयी है। इसके साथ ही स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल तय निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने निर्वाचन व्यय का ब्योरा संबंधित पदाधिकारी कार्यालय को ससमय उपलब्ध करायेंगे। वे सोमवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दे रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से संबंधित मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर ही उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ रहने हैं। इलेक्शन बूथ में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसके अंदर कोई खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाये, न ही भीड़ की अनुमति दी जायेगी। साथ ही किसी भी इलेक्शन बूथ में प्रत्याशियों के प्रतीक चिह्न अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि को चिह्नित किया जाना है। यह भी जानकारी दी गयी की चुनाव के घोषणा के 72 घंटे के अंदर सभी निजी स्थानों से पार्टी के झंडों को हटा लिया जाना है। इसके पश्चात नाम वापसी के बाद अभ्यार्थियों की सूची तैयार होने के पश्चात निजी स्थानों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए झंडे लगाये जा सकते हैं। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन के दौरान होनेवाले व्यय के आकलन एवं इससे संबंधित व्यय प्रतिवेदन जमा करने के प्रावधानों आदि विषयों पर बिंदुवार जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पुस्तक प्रकाशन कार्य को तीन गुना तक बढ़ाया जायेगा : धर्मेंद्र प्रधान

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीइआरटी और एमजॉन के बीच अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को एनसीइआरटी और एमजॉन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र (एलओइ) पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। यह पहला ऐसा समझौता है, जो प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मुद्रित मूल्य पर एनसीइआरटी की मूल पाठ्यपुस्तकों तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसइएल) के सचिव संजय कुमार, संयुक्त सचिव (डीओएसइएल) प्राची पांडे, एनसीइआरटी के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, एमजॉन के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, एमजॉन के सार्वजनिक नीति निदेशक अमन जैन और अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने एमजॉन के साथ एनसीइआरटी की साझेदारी की प्रशंसा करते हुए इसे जीवन में सुगमता और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि एनसीइआरटी किताबों का प्रकाशन तीन गुना तक बढ़ायेगा और अगले शैक्षणिक सत्र (2025-26) के लिए 15 करोड़ किताबें प्रकाशित करेगा। एमजॉन के विशाल डिलीवरी नेटवर्क के माध्यम से, विद्यार्थी और स्कूल, यहां तक कि सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी, निर्धारित कीमतों पर पाठ्यपुस्तकें खरीद सकेंगे। यह आपूर्ति अंतराल, विलंबित उपलब्धता और पाठ्यपुस्तकों की क्षेत्रीय कमी की चुनौतियों का समाधान करेगा, जिससे शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित होगी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में भारतीय धरोहर कलारीपयट्टू का प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बच्चों ने स्पिक मैके द्वारा आयोजित केरल की प्राचीन युद्ध कला कलारीपयट्टू का प्रदर्शन देखा। इस कला का प्रदर्शन कृष्णदास गुरुकुल और उनकी टीम के सदस्यों ने किया। कृष्णदास गुरुक्कल केरल के त्रिशूर जिले के चावक्कड़ में कलारीपयट्टू सिखाते हैं। उनका परिवार कई पीढ़ियों से इस कला से जुड़ा हुआ है। कलारीपयट्टू एक प्राचीन युद्ध कला है जो शरीर और मन, दोनों को मजबूत बनाती है। इसका इतिहास बहुत पुराना है और यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बच्चों ने इसे बड़ी दिलचस्पी से देखा और भारत की स्वदेशी कला कलारीपयट्टू के प्राचीन इतिहास के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को बताया कि ऐसी प्राचीन कलायें हमारे देश की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा हैं, जिन्हें हमें सहेजना और याद रखना चाहिए।

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित

## जनता बदलाव चाहती है : डॉ देवशरण भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोहरदगा के लोग कांग्रेस राज से त्रस्त हैं। पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र का विकास थम गया है। लोहरदगा की जनता बदलाव चाहती है। कमल किशोर भगत का काम बोलता था जनता को आज उनके जैसे नेतृत्व की जरूरत है। आजसू पार्टी जनता के विश्वास के अनुरूप कार्य करेगी। अल्पसंख्यक समुदाय आज कमांडिंग नहीं डिमांडिंग स्थिति में है। हम सभी को संगठित होने की आवश्यकता है। उक्त बातें केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान लोहरदगा विधानसभा से आये कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता समेत अल्पसंख्यक समुदाय के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जेएमएम अल्पसंख्यकों को अपना वोट बैंक समझते हैं। वर्षों से लोगों को डरा कर वोट लेने का काम किया जा रहा है। विकास के लिए नहीं सुरक्षा के नाम पर वोट ले रहे हैं। हमें मिलकर इस अवधारणा को तोड़ने की दिशा में काम करना है। पार्टी में शामिल में सभी लोगों का स्वागत करते हुए पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने कहा कि लोहरदगा विकास के मानकों पर पिछड़ गया है। वित्त मंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद यहां विकास दूर दूर तक दिखाई नहीं देता है। इन्होंने जनता को ठगने का काम किया है। पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय का सिर्फ वोट चाहती है उनका विकास नहीं। हम आज भी न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। समय बदलाव का है। यह बदलाव राज्य के साथ साथ हम लोहरदगा में भी करेंगे। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कुर्सी में सिर्फ बैठाना नहीं है उसे अब हिलाना भी है।

इस अवसर पर लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, कलिम खान, साजिद कलाल, मतउल खान, कबीर अंसारी, मो जावेद, साहिद अंसारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नवरात्रि : छठा दिन

## मां कात्यायनी



मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। मान्यता : इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती परांबा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। यह वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गयी थी।

इसीलिए यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। यह स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दायीं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बांयी तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है।

इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

**मंत्र:**

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानव-घातिनी॥

## महत्वपूर्ण खबरें

### मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष ने ओड़िशा के राज्यपाल से की मुलाकात



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने ओड़िशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद ने मूलवासी सदानों और राज्य की जनता की ओर से राज्यपाल रघुवर दास को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल रघुवर दास ने भी झारखंड वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता के महत्व पर चर्चा की।

### रांची विवि के अतिथि शिक्षकों का धरना जारी, वेतन भुगतान की मांग




रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षक 25 सितंबर से धरने पर बैठे हुए हैं, अपनी मांगों के समर्थन में। उन्हें पिछले 17 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि हमें दुर्गा पूजा की छुट्टी में भी धरने पर बैठना पड़ रहा है, यह हमारे लिए बहुत दुखद स्थिति है। डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग की अकर्मण्यता और निरंकुशता के कारण हमें धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। अतिथि शिक्षकों ने गवर्नर और मुख्यमंत्री से अपनी संस्कृति और जीवन की रक्षा के लिए गुहार लगायी है। उन्होंने वेतन भुगतान की मांग की है और उच्च शिक्षा की माली हालत को सुधारने की मांग की है। इस धरने में डॉ सतीश तिर्की, डॉ आशीष कुमार, डॉ जिज्ञासा ओझा, शुभम सौरभ सहित अन्य अतिथि शिक्षक शामिल हैं।

### खतियान में अंकित लोहार को लिपिकीय भूल मान कर लोहरा किया जाये: ठुमा तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की 8 अक्टूबर को आहूत कैबिनेट की बैठक में खतियान में दर्ज लोहार को लिपिकीय भूल मानकर लोहरा माने जाने का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया तो लोहरा समाज आगामी चुनाव में वोट का बहिष्कार करेगा। यह निर्णय 6 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान स्थित नीलांबर पीतांबर ऑक्सीजन पार्क में सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज केंद्रीय समिति के नेतृत्व आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्र समिति के अध्यक्ष ठुमा तिर्की ने कहा इस लिपिकीय भूल के कारण समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहे हैं। जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से शिक्षा और सरकारी नौकरियों से वंचित होना पढ़ रहा है। अबूआ आवास योजना से वंछित होना पड़ रहा है। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गुरुजी छात्रवृत्ति योजना से वंचित होना पड़ रहा है। बैठक में इस परिस्थिति से उत्पन्न और कई समस्याओं पर चर्चा की गयी। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के अध्यक्ष ठुमा तिर्की, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता देवी, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, संरक्षक महादेव लोहरा, कांके प्रखंड अध्यक्ष अनूप लोहरा, अंनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष क्लेश लोहरा, राकेश लोहरा, संजू लोहरा, सूरज लोहरा शामिल हुए।

### अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा सहरसा स्टेशन



हाजीपुर(आजाद सिपाही)। रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है। इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की संरक्षा, बेहतर एवं सुखद यात्रा अनुभव तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें समस्तीपुर मंडल का सहरसा स्टेशन भी शामिल है। सहरसा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 41 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। पुनर्विकास से संबंधित कार्य पूरा होने के बाद सरहसा स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। लगभग 4770 स्क्वायर मीटर में पार्किंग एरिया का निर्माण किया जायेगा साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया का विकास भी किया जायेगा। स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े। दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया जायेगा। इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

### लोकहित अधिकार पार्टी की समीक्षा बैठक संपन्न




रांची (आजाद सिपाही)। रांची में लोकहित अधिकार पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें पिछले दिनों हुए महाधरना की सफलता पर चर्चा की गयी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू और प्रदेश सचिव हजारी प्रसाद मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। हरिनाथ साहू ने कहा कि चिट फंड और नॉन-बैंकिंग कंपनियों द्वारा ठगी पीड़ितों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा। हजारी प्रसाद मोदी ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों पर जोर दिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, प्रवक्ता और अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार रखे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1st Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति, दीपा टोली के पूजा पंडाल का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माता रानी के दरबार में शीश नवा कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की।


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण किया।


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंच मंदिर पूजा पंडाल, हरमू का विधिवत उद्घाटन किया।

# सरकार संवेदनशील, जिम्मेवारियों का कर रही निर्वहन: हेमंत

## मुख्यमंत्री ने मॉब लिंचिंग और उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में जान गंवानेवालों के परिजनों को चार-चार लाख का चेक सौंपा

- 44 परिवारों के बीच 1.82 करोड़ की राशि वितरित
- राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रितों/परिजनों को चार-चार लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। वहीं मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं घटित हुई हैं, जिनमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। इन घटनाओं में हम सभी से जिनका साथ छूटा है, जो हमें छोड़ गये, उन्हें तो वापस नहीं लाया जा सकता है, लेकिन आगे के जीवन में हम सभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सकें, किस प्रकार एक-दूसरे का सहयोग करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

**हमारी सरकार संवेदनशील, जिम्मेवारियों का कर रही निर्वहन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाये लोगों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।





हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपने जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आज यहां एकत्रित किया है। मैं हमेशा ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुख को बांटता आया हूं।

**नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान कर गयी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गयी थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखने वाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिली है। पहले भी राज्य सरकार की ओर से कई बहाली प्रक्रियाएं हुई हैं, लेकिन ऐसी घटना यदा-कदा ही देखने और सुनने को मिली है।

**उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई मृत्यु की जांच आवश्यक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर इस घटनाओं के विस्तृत जांच का आग्रह किया है। आने वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में पुलिस नियुक्तियां तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। उस समय भी राज्य सरकार के लिए ऐसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेंगी। यही कारण है कि केंद्र सरकार से हमारी सरकार ने डॉक्टर की एक बड़ी टीम को इस घटना की संपूर्ण जांच के लिए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

**मॉब लिंचिंग की घटनाएं दुखदायी और दर्दनाक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर विभिन्न मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है। यह भी काफी दुखदायी और दर्दनाक है। उन्होंने उपस्थित पीड़ित परिवारों के आश्रितों से कहा कि हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। आज आप सभी पीड़ित परिवार के लोगों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान की जा रही है। यह आपके प्रति राज्य सरकार की एक संवेदना मात्र है। आने वाले दिनों में आप पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेगी। आपको अपने पैरों पर खड़ा कर सकें, इस निमित्त सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ा जायेगा। आपके बच्चों की पढ़ाई तथा आपके भविष्य की सुरक्षा की चिंता हमारी सरकार कर रही है। आने वाले समय में पूरा सरकारी महकमा आपको सहायता करेगा। मैं आज इस बात का आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार आपके लिए मजबूत और ठोस कदम उठायेगी। मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं और भविष्य में भी रहेंगी।

**ये थे उपस्थित :** मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# झामुमो ने भाजपा की गोगो दीदी योजना के रजिस्ट्रेशन फार्म को बताया फर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम फर्जी फार्म भरवा कर राज्य की भोली-भाली जनता को ठगने का आरोप लगाया है। साथ ही झामुमो ने भारत निर्वाचन आयोग से राज्य में त्योहारों के बाद समय पर और कम फेज में चुनाव कराने की मांग की है।

### फर्जी फार्म भरवा कर ठगी करने का आरोप

झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गोगो दीदी योजना के नाम पर जो रजिस्ट्रेशन फार्म भरवाये जा रहे हैं उसमें कहीं कोई



रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई जगह से ऐसी भी जानकारी मिली है कि गोगो दीदी योजना के रजिस्ट्रेशन के नाम पर एक हजार रुपये तक की वसूली की जा रही है। ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि वह राज्य में फर्जीवाड़ा नहीं होने दे।

**झारखंड में त्योहारों के बाद चुनाव कराने की मांग :** इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर जैसे दुर्गम इलाके वाले राज्य में दो चरण में और हरियाणा में एक चरण में मतदान हो सकते हैं तो झारखंड में कहां कोई दिक्कत है। उन्होंने कहा कि राज्य में आराम से तय समय सीमा पर विधानसभा चुनाव हो यह झामुमो चाहता है।

**हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में जनादेश भाजपा के खिलाफ होगा :** संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हुई वोटिंग का मंगलवार को रिजल्ट आयेगा और जनादेश में भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव में भाजपा को जनता सबक सिखायेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली 2019 में बनी सरकार को कोरोना काल में दो साल जीवन और जीविका बचाने में लग गये। फिर 02 साल भाजपा की अड़ंगा की राजनीति, सरकार, विधायक और दल को तोड़ने की राजनीति से हम जूझते रहे। काम करने का समय तो लोकसभा चुनाव के बाद मिला है। झामुमो नेता ने कहा कि राज्य की जनता सब जानती और समझती है। वह विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

## युवा दस्ता ने दुर्गापूजा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि दुगार्पूजा के दौरान भक्तों और दर्शनार्थियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये हैं। युवा दस्ता के सदस्य विसर्जन तक सेवा कार्य में तैनात रहेंगे।

### हेल्पलाइन नंबर

1. राजीव रंजन मिश्रा - 9431574184
2. शंकर दुबे - 9304265352
3. राजेश गुप्ता - 7903714760

... (कुल 13 नंबर)

ग्रामीण क्षेत्र के लिए:

1. मनीष केसरी - 9631894757
2. ज्योति शंकर साहू - 9334355968
3. मुन्ना बड़ाईक- 9199533113

युवा दस्ता पिछले 35 वर्षों से लगातार सेवा कार्य करता आ रहा है। इस वर्ष भी सैकड़ों सदस्य विषर्जन तक अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं।

# गोगो दीदी फार्म भाजपा के वैचारिक दिवालियापन का नमूना : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के जरिये गोगो दीदी फार्म भरवाने पर झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह भाजपा का एक और जुमला है। पेड़ पर कटहल और होंठ पर तेल वाली कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता से दूर रह कर भाजपा विचलित हो गई है और मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह सरकार बनाने का असंभव सपना देख रही है। एक राजनीतिक दल के रूप में भविष्य में सरकार बनने पर योजना बनाने से पहले विपक्ष में रहते हुए फार्म भरवा कर भाजपा ने अपने वैचारिक दिवालियापन का नमूना पेश किया है। जुमलेबाजी भाजपा की रग - रग में रच - बस गया है। ये राज्य की भोली भाली जनता को



ठगने की सोची समझी साजिश है। यह हर कोई समझ रहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप, जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले हेमंत सरकार की लोकप्रियता से भाजपा बौखलाहट में नैतिक - अनैतिक, उचित - अनुचित, संवैधानिक और असंवैधानिक के बीच का अंतर नहीं समझ पा रही है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा कानून का मखौल उड़ा रही है। पांडेय ने कहा कि जुमलेबाज भाजपा के नेता बताएं कि उनकी केंद्र की सत्ता पर काबिज सरकार हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे पर कितना कदम आगे बढ़ी। कितने युवाओं को देश में रोजगार दिया। विदेश में जमा भारत का काला धन वापस लाकर हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये देने के वादा का क्या हुआ। वैचारिक पतन की मारी भाजपा के देश भर के नेताओं के मुंह पर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम एक जबरदस्त तमाचा होगा। जनता ही इन्हें सबक सिखाएगी। भाजपा के नेता लोगों को भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी फार्म भरवा रहे हैं। एक ऐसा फार्म जिसमें खाता संख्या (रजिस्ट्रेशन नंबर) नहीं लिया जा रहा है।

## गांधीनगर में दुर्गा पूजा पंडाल की थीम बोध मंदिर, बीजिंग पर आधारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांधीनगर दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष के दुर्गा पूजा पंडाल की थीम की घोषणा की है, जो चीन के प्रसिद्ध बोध मंदिर, बीजिंग से प्रेरित है। पंडाल का डिजाइन पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है, जिसमें बोध मंदिर की अद्वितीय वास्तुकला और शांति का माहौल मुख्य आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। पंडाल का उद्घाटन 09 अक्टूबर को सीसीएल



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह के द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी नलिनी रंजन मिश्रा, मनोज भगत, रमेश प्रसाद ने दी।

## राजस्थान मित्र मंडल पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य राजधानी रांची की सुप्रसिद्ध धार्मिक संस्था राजस्थान मित्र मंडल के द्वारा मां शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर स्थापित भव्य पूजा पंडाल का विधिवत भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि महुआ मांझी, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, संजीव विजयवर्गीय, अजय मारू, बसंत मित्तल, संदीप वर्मा के द्वारा किया गया। सक्रिय रूप से जिनमें अध्यक्ष अशोक पुरोहित, मुख्य संरक्षक



बिनय सरावगी, सचिव मंटू जलान, श्याम सारस्वत, गुलाब शर्मा, आलोक साहू, मिकी साहू, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, सुनील शर्मा, सुभाष झुंझुनवाला सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन, भक्तों ने किया मां दुर्गा का दर्शन





### राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना ग्रुप को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने सोमवार को अपने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना ग्रुप को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह और उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो और सनातन संस्कृति के अगुआ बाबा महनत के साथ मिलकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर परंपरागत नारियल फोड़ और मां दुर्गे की आरती की गयी। इसके बाद झारखंडी परंपरा के अनुसार नागपुरी भजन संध्या हुई, जिसमें मनोज लहरी, पवन राय और सुमन गुप्ता ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये। भोजपुरी गायकों ने भी अपने रसदार भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना ग्रुप की कई वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें रांची जिला अध्यक्ष सीमा सिंह, डॉ किरण सिंह और उपाध्यक्ष रजनी सिंह शामिल थीं।

# जयशंकर का प्रस्तावित पाक दौरा

भारत की ओर से जैसे ही यह स्पष्ट किया गया कि शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान जायेंगे, दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की अटकलें लगायी जाने लगीं। दिलचस्प है कि इस फैसले को भारत-पाक रिश्तों के संदर्भ में ज्यादा देखा जा रहा है, जबकि यह एससीओ को भारत द्वारा दी जा रही अहमियत का भी उतना ही संकेत है। इसके पीछे दोनों पड़ोसी देशों के खट्टे-मीठे रिश्तों के बीच भी एक-दूसरे से भावनात्मक करीबी की भूमिका देखी जा सकती है। दोनों देशों में युद्ध हुए हैं और रिश्तों ने गिरावट की इंतिहा देखी है, तो दोनों के बीच दोस्ती के दौर भी आते रहे हैं, लेकिन किसी भी सूरत में दोनों देशों के लोग एक-दूसरे से उदासीनता की स्थिति में नहीं पहुंचे। यही वजह है कि करीब एक दशक के अंतराल के बाद जब किसी भारतीय विदेश मंत्री के पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम बनता दिखा, तो कई कोनों से उत्साह छलकने लगा। मौजूदा सूरते हाल में इस तरह के उत्साह को व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। शायद इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने देर किये बगैर स्पष्ट किया कि वह एक बहुपक्षीय संगठन की बैठक में शिरकत करने जा रहे हैं और वहां भारत-पाक रिश्तों पर कोई बातचीत नहीं करने वाले। याद रखना होगा कि यह रउड की शिखर बैठक है और सामान्य स्थिति में इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद होती। द्विपक्षीय रिश्तों की बदहाली ही कहिए कि पीएम की जगह एक सीनियर मंत्री का जाना भी पॉजिटिव सिग्नल माना जा रहा है। भारत इस तथ्य को समझ रहा है कि मौजूदा वैश्विक हालात में एससीओ जैसे एक अंतरराष्ट्रीय मंच के बेहतरीन इस्तेमाल का मौका किन्हीं दो देशों के आपसी रिश्तों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। यह एशियाई देशों का ऐसा मंच है, जो सुरक्षा से जुड़े मुद्दे देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के चलते हाल के वर्षों में अमेरिका से रूस और चीन के रिश्तों में आयी खटास किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में जब पश्चिम एशिया में युद्ध के फैलने का खतरा एक नया सिरदर्द बना हुआ है, इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अहम भूमिका को भारत अनदेखा नहीं कर सकता। बहरहाल, कूटनीति में अलग-अलग बहानों की आड़ में आने वाले मौके भी अक्सर महत्वपूर्ण साबित होते हैं। पिछले साल पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी एससीओ की ही बैठक के सिलसिले में भारत आकर अपने बयानों से रिश्तों में और तल्खी घोलने का उदाहरण पेश कर चुके हैं। देखना होगा कि जयशंकर की सूझबूझ और शालीनता को खिलने और खुलने का कितना मौका इस प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा में मिलता है।

**दोनों देशों में युद्ध हुए हैं और रिश्तों ने गिरावट की इंतिहा देखी है, तो दोनों के बीच दोस्ती के दौर भी आते रहे हैं, लेकिन किसी भी सूरत में दोनों देशों के लोग एक-दूसरे से उदासीनता की स्थिति में नहीं पहुंचे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद जरूरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खास कर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दर्शाते हैं।**

# भारत के पोषण लाभ और प्रगति को और मजबूत करने और निरंतरता बनाये रखने की दिशा की ओर

**डॉ रंजन शंकर**



समग्र कल्याण के लिए अच्छा पोषण बेहद जरूरी है और राष्ट्र के स्वास्थ्य और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण मिलने से खास कर गर्भावस्था के दौरान, जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ होते हैं और उनकी जीवनभर बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आनंद लेने की संभावना ज्यादा होती है। बचपन में उचित पोषण प्राप्त होने का असर बच्चों की बेहतर आइक्यू, उत्पादकता में वृद्धि और वयस्क होने पर बेहतर धन संग्रह पर भी पड़ता है। गर्भाधान के पहले 1,000 दिनों के दौरान पोषण को प्राथमिकता देना, किसी भी पीढ़ी में कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल कोपेनहेगन सहमति की एक रिपोर्ट के अनुसार सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पोषण में निवेश करना सबसे प्रभावी रणनीति है।

7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद जरूरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खास कर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दर्शाते हैं।

**कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन फिर भी चुनौतियां बरकरार हैं।**

**पोषण में आत्मनिर्भर: आंगनवाड़ी और पोषण वाटिका :** महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसे कार्यक्रम, पोषण परिणामों में सुधार लाने और बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से संस्थागत समर्थन का एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं। सक्षम आंगनवाड़ी पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) बुनियादी पोषण सहायता के इतर भी व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में स्वस्थ भोजन, प्रसवपूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, स्तनपान की प्रक्रिया और पूरक आहार के महत्व पर मार्गदर्शन देना शामिल हैं। अपने नियमित स्वास्थ्य जांच अभ्यासों के जरिए, यह कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिहाज से बच्चों का मूल्यांकन करता है और उचित सहायता प्रदान करता है।

आंगनवाड़ी केंद्रों को बचपन के समय में ही प्रारंभिक विकास को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं बाल पोषण प्रयासों में सहायता करके, देखभाल की निरंतरता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कुपोषण से निपटने के लिए नीति निर्माण में डेटा-संचालित समाधान सुनिश्चित करने में होने वाली प्रगति ही पोषण ट्रैकर की शुरुआत है। यह बेहद सक्रिय मंच, पोषण सेवाओं की योजना, निष्पादन और निगरानी में सहायता करता है ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान कर सकें और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके।

इस योजना के तहत एक अन्य पहल पोषण वाटिका (पोषण उद्यान) की भी शुरुआत की गयी है। आमतौर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में स्थापित इन किचन गार्डन का मकसद ताजा, स्थानीय रूप से उगायी गयी सब्जियां और फल प्रदान करके बच्चों और महिलाओं के पोषण को बेहतर बनाना है। यह पहल न केवल सबसे जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता में सुधार करती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त भी बनाती है। यह खाद्य योजनाओं को स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाने की अनुमति देता है, आहार विविधता और सतत भोजन लेने की विचारधारा का समर्थन करता है।

जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य प्रणालियों की संवेदनशीलता के संदर्भ में भारत ने बाजरा को बढ़ावा दिया है, जो जलवायु के लिहाज से बेहतर और ज्यादा पौष्टिक हैं। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त, ये फसलें प्रोटीन, जरूरी फैटी एसिड, फाइबर, विटामिन बी और प्रमुख खनिजों से भरपूर हैं, जो खासकर महिलाओं और बच्चों में एनीमिया जैसी कमियों को दूर करने में मदद करती हैं। बाजरा पोषण अभियान का एक प्रमुख भाग है और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदान किये जाने वाले पूरक पोषण में शामिल है।

**कमजोर लोगों तक पहुंच बनाना: ज्यादा कुपोषण वाले वर्ग का सामुदायिक प्रबंधन :** पोषण एक बहुक्षेत्रीय मुद्दा है, जिसके लिए बहु-क्षेत्रीय समाधानों की जरुरत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से, कुपोषित बच्चों के प्रबंधन के लिए हाल ही में शुरू किया गया प्रोटोकॉल, बच्चों, खासकर गंभीर रूप से कुपोषण वाले बच्चों में कुपोषण की पहचान करने और उनका प्रबंधन करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। सामुदायिक सक्रियता, नियमित स्क्रीनिंग और निगरानी जैसी जरुरी कार्यनीतियों को रेखांकित करते हुए ये दिशा-निर्देश न केवल एक समग्र दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर कुपोषण के प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए लागत के लिहाज से अनुकूल उपाय भी प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम में जब गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) वाले बच्चों का चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए मूल्यांकन किया जाता है, तो ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) को लेकर अतिरिक्त जांच की जाती है। जटिलताओं या कम भूख लगने की समस्या से ग्रसित बच्चों को पोषणिक पुनर्वास केंद्रों(एनआरसी) या कुपोषण उपचार केंद्रों (एमटीसी) भेजा जाता है, जबकि चिकित्सीय जटिलताओं से रहित बच्चों का उपचार आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जाता है। कई राज्यों में सामुदायिक प्रणाली में गंभीर तीव्र कुपोषण के जटिल मामलों के प्रबंधन पर फोकस करने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस के दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं - आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा और एएनएम के बीच बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

**सुधार के अवसर :** कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन फिर भी चुनौतियां बरकरार हैं। मौजूदा कार्यक्रमों ने बच्चों में मध्यम और गंभीर तीव्र कुपोषण दर में सुधार और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाते हुए एक ठोस नींव रखी है। हालांकि, विशेष रूप से गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं, खासकर ऐनीमिया जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित किशोरियों के लिए निरंतर कोशिशें होना जरुरी है। इस समूह के लिए समर्पित हस्तक्षेप और मंचों की आवश्यकता है।

पोषण से जुड़े परामर्श कई पहलों का अभिन्न अंग है। समुदाय के नेताओं और समुदाय को शिक्षित और प्रशिक्षित करना, स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार संदेशों को तैयार करना और कार्यक्रम के विकास में समुदायों को शामिल करना, पोषण की आदतों में सुधार लाने के लिए बेहद जरूरी है। रणनीतियों को खाद्य उपलब्धता, आर्थिक स्थितियों और सामाजिक कारकों को भी संबोधित करना चाहिए, ताकि पोषण सेवाएं सुलभ और व्यावहारिक हो सकें।

सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, सामुदायिक संगठनों और नीति निर्माताओं समेत सभी हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है। एक सहयोगी और समावेशी दृष्टिकोण, अधिक प्रभावशाली और लंबे समय तक चलने वाले बदलाव को हासिल करने में अहम भूमिका निभायेगा।

भारत ने अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर काबू पाने का मार्ग दिखाया है। वर्तमान कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, कुपोषण के चक्र को तोड़ने और एक स्वस्थ और अधिक विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ने में पर्याप्त प्रगति की जा सकती है।

**(लेखक : चिकित्सक और सेना मेडिकल कोर से चिकित्सा और एंडोक्रिनोलॉजी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सलाहकार हैं। उन्होंने इससे पहले टाटा ट्रस्ट में पोषण निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दी।)।**

# वक्फ एक्ट में संशोधन एक संवेदनशील मुद्दा है



**डॉ मोहम्मद जाकिर**

'वक्फ' का इस्लामी इतिहास पैगंबर मोहम्मद (स०) के समय से शुरू हुआ था> हजरत उमर (रजि०) को एक सम्पति मिली थी> नबी (स०) उन्हें वक्फ करने को कहे, ताकि उसकी आमदनी से गरीब लोगों की मदद की जा सके> 'वक्फ' का शाब्दिक अर्थ है 'ठहरना'। कोई चल या अचल सम्पति अल्लाह के नाम पर खैरात करना, जिसे न किसी को दिया जा सके और न उसमें विरासत जारी हो। बल्कि उसका फायदा गरीब विधवाओं, यतीमों, बेसहारों, जरूरतमंदों को मिले।

आज पूरे भारत में करीब 8.5 लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनका रकबा 9 लाख एकड़ से भी अधिक है। इसमें ईदगाह, मस्जिद, खेत, मजार, दरगाह, बाग आदि हैं। ये सभी संपत्तियां, वे संपत्तियां हैं, जो मुसलमानों के पूर्वजों द्वारा समाज कल्याण के लिए दान की हुई हैं। माना जाता है कि भारत में संपति वक्फ करने शुरुआत दिल्ली सल्तनत के समय हुई। अंग्रेजी हुकूमत के समय 1913 में वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए भारत में पहली बार मुस्लिम वक़्फ वैलिडेशन एक्ट 1913 उसको लागू किया गया। संपत्ति दान करने वाले मुस्लिम और गैर-मुस्लिम दोनों हो सकते हैं। दान करने वाले को 'वाकिफ' और उसका संचालन करने वाले को 'मुतवल्ली' कहते हैं>

आजादी के बाद भारत में 1954 में वक़्फ लागू किया गया जिसकी धारा 9 के तहत केंद्रीय वक्फ काउंसिल का गठन किया। इसका काम केंद्र सरकार को वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में एक सलाहकार परिषद के तौर पर गठन किया गया। समय-समय पर वक्फ एक्ट में सुधार होते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 1998 के फैसले में कहा था कि जो संपति एक बार वक्फ हो जाती है, वो संपत्ति हमेशा के लिए वक्फ हो जाता है। वर्तमान में सेंट्रल वक्फ कौंसिल के अलावा राज्य स्तर पर 32 वक्फ बोर्ड हैं। इसके बावजूद वक्फ की संपत्तियों का सही ढंग से संचालन नहीं किया जा रहा है। हजारों मुकदमे अदालतों में लंबित हैं।

8 अगस्त 2024 वो वक्फ संशोधन अधिनियम संसद में पेश हुआ, जिसे सरकार ने जेपीसी के पास भेज दिया। केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड एक्ट 1995 और 2013 के संशोधन में कुल 40 बदलाव चाहती है, जिसकी शुरुआत नाम बदल कर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995' करना है। कुछ संशोधन स्वगत्योग्य है, जिसमें बोर्ड में मुस्लिम महिलाओं की भागीदारी, बोहरा और आगा खानी समुदायों के लिए अलग वक्फ बोर्ड बनाना, सारी संपत्तियों का रिकॉर्ड पारदर्शित होना, वक्फ बोर्ड की आमदनी बढ़ाना आदि, परंतु अधिकांश में भारतीय मुसलमान सरकार के प्रस्तावों से सहमत नहीं है। इससे वक्फ संपत्तियों की स्थिति और प्रकृति में व्यापक बदलाव होंगे, जो वक्फ के मकसदों के प्रतिकूल होगा। इसमें कम-से-कम 5 साल से इस्लाम धर्म अपनाने वाला व्यक्ति ही वक्फ कर सकता है, कलेक्टर स्वामित्व निर्धारण करेगा, ट्रिब्यूनल के निर्णय अंतिम नहीं होगा, केंद्र सरकार को अधिक शक्तिशाली बनाना, गैर मुस्लिम को बोर्ड में सदस्य बनाना आदि। पहले स्टेक होल्डर्स से सुझाव मांगने के बाद संसद में बिल पेश करना था। अबतक जेपीसी के पास 1.25 करोड़ सुझाव भेजे जा चुके हैं। अंतिम फैसला संसद में होना है।


## देश-विदेश की खबरें

### मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की

# भारत की सुरक्षा को नुकसान नहीं पहुंचने देंगे : मुइज्जू

**मोदी से मुलाकात की, कहा : हमारे रिश्ते अच्छे हैं, इस यात्रा से और मजबूत होंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश की 'मालदीव फर्स्ट' की नीति से भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा, जिससे भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचे। एक इंटरव्यू में मुइज्जू ने ये भी कहा कि दूसरे देशों के साथ मालदीव के संबंधों का भारत के साथ रिश्ते पर असर नहीं पड़ेगा। मुइज्जू ने कहा कि मालदीव, भारत के साथ रणनीतिक संबंध बनाना जारी रखेगा, क्योंकि भारत एक अहम साझेदार और दोस्त है। मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इस दौरान मुइज्जू ने पीएम मोदी को मालदीव आने का निमंत्रण भी दिया।

**40 करोड़ डॉलर के करेंसी स्वैप पर करार**

भारत ने नकदी की कमी से जूझ रहे मालदीव को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ट्रेजरी बिल रोल ओवर प्रदान किया। इसके अलावा दोनों पक्षों ने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 3,000 करोड़ रुपये के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम नरेंद्र मोदी को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते और 30 अरब रुपये (360 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की सहायता देने के भारत सरकार के फैसले के लिए धन्यवाद दिया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने नयी दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक की

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त कर दिया जायेगा : अमित शाह

**छत्तीसगढ़ में इस साल जनवरी से अब तक कुल 237 नक्सली मारे गए, 812 गिरफ्तार हुए और 723 ने आत्मसमर्पण किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नयी दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूइ) पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा और तेलंगाना के मुख्यमंत्री, बिहार के उपमुख्यमंत्री और आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री शामिल हुईं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केंद्रीय मंत्रालयों के मंत्री भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एलडब्ल्यूइ प्रभावित सभी राज्य कंधे से कंधा मिला कर मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और हमारे 8 करोड़ आदिवासी भाइयों और बहनों की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री शाह ने कहा कि विकसित भारत का सही अर्थ है कि देश की 140 करोड़ की जनता तक विकास पहुंचे, जिनमें हमारे 8 करोड़ जनजातीय भाई-बहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकास को सही मायनों में दूरदराज के इलाकों और जनजातीय लोगों तक पहुंचाने में सबसे बड़ी बाधा आज नक्सलवाद है। नक्सलवाद गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवाएं आदि नहीं पहुंचने देता। श्री शाह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए हमें नक्सलवाद को समूल नष्ट करना होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2019 से 2024 तक नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि 30 साल में पहली बार वर्ष 2022 में वामपंथी उग्रवाद की मृत्यु की संख्या 100 से कम रही, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 के बीच नक्सलवाद की बहुत कम घटनाएं दर्ज की गईं। इसके अलावा, 14 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया गया और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का ग्राफ भी ऊपर चढ़ा है।

अमित शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई आज अपने अंतिम चरण में है और मार्च, 2026 तक सभी के सहयोग से देश दशकों पुरानी इस समस्या से पूरी तरह मुक्ति पा लेगा। उन्होंने कहा कि आज बूढ़ा पहाड़ और चकरबंधा जैसे कई क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एलडब्ल्यूइ की 85 प्रतिशत कॉडर स्ट्रैंथ समाप्त कर दी गयी है और अब हमें नक्सलवाद पर एक अंतिम प्रहार करने की जरूरत है।

## रतन टाटा ने कहा : मेरी तबीयत ठीक है मैं रूटीन जांच के लिए अस्पताल आया




मुंबई (आजाद सिपाही)। टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन नवल टाटा (86 वर्ष) ने अस्पताल में भर्ती होने की खबरों के बाद बयान दिया है। उन्होंने कहा- मैं ठीक हूं और ज्यादा उम्र के कारण रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गया था। चिंता की कोई बात नहीं है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रतन टाटा ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट (आसीयू) में भर्ती हैं। उन्हें सोमवार को अस्पताल लाया गया था। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया था।

## कोलकाता केस में सीबीआइ ने चार्जशीट में कहा : ट्रेनी डॉक्टर का गैंगरेप नहीं हुआ

कोलकाता (आजाद सिपाही)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में सीबीआइ ने पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें एजेंसी ने ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आंशका को नकार दिया है। एजेंसी का कहना है कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलिग्राफ टेस्ट करने के बाद सीबीआइ इस नतीजे पर पहुंची। पुलिस ने संजय को घटना के अगले दिन 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीड़ित की अर्धनग्न डेडबॉडी मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि विक्टिम की दोनों आखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था।

## राहुल ने महाराष्ट्र में दलित के घर खाना बनाया



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के घर खाना पकाया। खाना बनाने का वीडियो उन्होंने सोमवार को एक्स पर शेयर किया। उन्होंने लिखा- दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। वीडियो में राहुल गांधी कहते नजर आ रहे हैं कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मुझे अजय तुकाराम सनदे ने अपने घर बुला कर किचन में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर हरभयाची भाजी बनायी। इसे चने के साग की सब्जी भी कहा जाता है। साथ ही बैंगन की सब्जी और तुअर दाल बनायी। दलित क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, कोई नहीं जानता। इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इसके बारे में हमने बात की। भेदभाव और सनदे के निजी अनुभवों पर बात करते हुए हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के डॉक्युमेंटेशन के महत्व पर चर्चा की। सनदे ने राहुल से कहा- किसी के मिलेट्स खाओ बोलने से ये महंगा हो गया। दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में मिलेट्स पर जोर देते रहे हैं।

## अमेरिकी के दो वैज्ञानिकों को मेडिसिन का नोबेल

स्टॉकहोम (एजेंसी)। नोबेल प्राइज 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा सोमवार से शुरू हो गयी है। मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में नोबेल प्राइज की घोषणा की गयी है। 2024 के मेडिसिन का नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला है। उन्हें ये प्राइज माइक्रो आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है।माइक्रो आरएनए से पता चलता है कि शरीर में कोशिकाएं कैसे बनती और काम करती हैं। दोनों जीन वैज्ञानिकों ने 1993 में माइक्रो आरएनए की खोज की थी। अब तक इंसानों में अलग-अलग तरह के माइक्रो आरएनए के एक हजार से ज्यादा जीन की खोज हो चुकी है।

## भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा समिति की हुई सामूहिक बैठक



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंदिर प्रांगण में प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष समेत सदस्यों ने सामूहिक रूप से किया बैठक। भंडरिया प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा समिति ने सामूहिक रूप से निर्णय लेते हुए कहा है कि मदगड़ी क ग्राम में दुर्गा पूजा में शोभायात्रा सह विसर्जन का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित हुए लाइसेंस में वर्णित मार्ग के माध्यम से ही संपन्न कराया जाये। समिति के लोगों ने गढ़वा जिला प्रशासन से यह मांग किया है कि प्रखंड के सभी पूजा पंडाल में पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध काराया जाय। बैठक में प्रखंड के विभिन्न गांव जोनहीखाड़ बघवार, सरईडीह, जेनेवा मर्दा, कंजिया, बिंदा, फकीराडीह में हो रहे पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव समेत पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्य समेत हिंदू समुदाय के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुलिस पिटाई के विरोध में हाइवे जाम, ग्रामीणों ने किया पथराव

**कई ग्रामीण और पुलिसकर्मी जख्मी, दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद शांत हुए ग्रामीण**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के बाना महुआ के पास एनएच 75 पर दो युवकों की पुलिस की पिटाई से गुस्साये ग्रामीणों ने दो घंटे तक हाईवे को जाम रखा। घटना रविवार रात्रि 8 बजे की है। गुस्साये ग्रामीणों दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसकी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय द्वारा दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई करने संबंधी आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए तथा यातायात बहाल किया गया। जानकारी के अनुसार मेराल थाने की पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के पुलिस अफसर के द्वारा कथित मारपीट के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर गये। इसी बीच श्री बंशीधर नगर की ओर से सांसद बीडी राम के आने की सूचना पर ग्रामीणों ने उनसे शिकायत कर दोषी को सजा दिलाने की तैयारी में जुट गये, परंतु उग्र ग्रामीणों को देखकर सांसद के सुरक्षाकर्मी गाड़ी को बैक कराकर वापस लौट गये। सांसद के लौटने के बाद ग्रामीण और उग्र हो गये, इस दौरान हाईवे पर दोनों तरफ से आधा किलोमीटर जाम हो गया। थाना हाईवे जाम की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी विष्णुकांत, मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण शांत नहीं हुए। थाना प्रभारी के सुझाव पर ग्रामीणों ने मामले की लिखित शिकायत की। इसी बीच गढ़वा से पहुंची पुलिस के बल प्रयोग करने से मामला और बिगड़ गया। ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिसमें कई ग्रामीण और पुलिसकर्मी जख्मी हो गये। बाद में एसपी दीपक कुमार पांडेय और बीडीओ जागो महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को संभाला। एसपी ने ग्रामीणों से बातचीत की। एसपी द्वारा दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई करने संबंधी आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए और यातायात सामान्य हुआ।



### एसपी के आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत

एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि मेराल थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी बाना महुआ के पास पहुंची थी, उसी दौरान पुलिस के पदाधिकारी के साथ कुछ लोगों की झड़प हो गयी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने सडक जाम कर दिया था। बाद में थाना प्रभारी और पुलिस अफसर लोगों को समझा बुझा रहे थे, उस दौरान कुछ कंफ्यूजन हुआ तथा ग्रामीण पथराव कर दिए। अब स्थिति सामान्य है, गांव वालों की जो मांग है उस पर तुरंत कार्रवाई करेंगे।

# सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता : विष्णु दयाल राम

**सांसद और विधायक ने एनएच 75 से गरबांध होते हुए खरौंधी तक 65 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क का भूमि पूजन किया**

**बीजेपी की सरकार बनते ही यहां प्लस टू की भी स्वीकृति दिलायी जायेगी : भानु प्रताप शाही**

आजाद सिपाही संवददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के गरबांध ग्राम में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक भानू प्रताप शाही ने एनएच 75 से गरबांध होते हुए खरौंधी तक पीडब्ल्यूडी से बनने वाले सड़क का भूमि पूजन किया। उक्त सड़क का निर्माण 65 करोड़ की लागत से किया जायेगा। रोड निर्माण होने के बाद के खरौंधी से श्री बंशीधर नगर की दूरी लगभग 12 किलोमीटर कम हो जायेगी।

भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि इस गांव को हमने गोद लिया है। यहां का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। धीरे-धीरे सभी कामों को धरातल पर उतारा जा रहा है। अन्य बचे सभी काम भी जल्द पूरा होगा। हेमंत सोरेन सरकार में विकास कार्य स्वीकृत कराना काफी कठिन है। बीजेपी की सरकार बनते ही विकास कार्य काफी तेज गति से होगा।



विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि इस गांव में हाईस्कूल, पेयजल, सड़क, राजा तालाब की सुंदरीकरण, बिजली सहित कई महत्वपूर्ण काम मेरे द्वारा करवाया गया है। बीजेपी की सरकार बनते ही यहां प्लस टू की भी स्वीकृति दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर में हेमंत सोरेन सरकार ने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर नही बनने दिया। लेकिन बीजेपी की सरकार बनते ही 6 माह के अंदर कॉरिडोर बनेगा। यह मेरा वादा है। इस दौरान विधायक ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर भी हमला बोला। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, विधायक प्रतिनिधि लाल मोहन यादव, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे,अशोक सेठ, बीजेपी एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव, छानबीन में जुटी पुलिस



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बाना गांव के दुनुखाड़ टोला में सोमवार के प्रातः में मेराल डंडई मेन रोड पर उरिया नदी पुल के पास संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान गांव के गोलू चौधरी उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में किया। सूचना पर पहुंची मेराल थाना पुलिस पंचनामा के बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार गोलू चौधरी की हत्या कर शव को पुल के पास फेंक दिया गया है। लोगों ने बताया कि मृतक और उसकी पत्नी तेतरी देवी के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। प्रायः दोनों में आये दिन हमेशा लड़ाई झगड़ा और मारपीट होते रहता था। लोगों का कहना है कि उसकी पत्नी और बेटा ने ही उसको मार कर साक्ष्य छुपाने के लिए वहां शव को फेंक दिया। ग्रामीणों से थाना प्रभारी विष्णुकात ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर मृतक की पत्नी से घटना के बारे में पुछने पर कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया।

## इंडियन बैंक ने रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा को एक अति आधुनिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस दिया



गढ़वा। रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा को एक अति आधुनिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्राप्त हुआ है। यह एंबुलेंस इंडियन बैंक के निदेशक बालमुकुंद सहाय के प्रयास से इंडियन बैंक के द्वारा प्रदान किया गया है। मौके पर रेडक्रॉस के पदाधिकारीयों ने इंडियन बैंक के निदेशक बालमुकुंद सहाय, क्षेत्र प्रबंधक राकेश सहगल तथा अंचल प्रबंधक रामस्वरूप सरकार का आभार व्यक्त किया और गढ़वा जिला को आईसीयू युक्त एंबुलेंस प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में इंडियन बैंक के निदेशक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हमने महसूस किया कि गढ़वा में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस नहीं होने से गढ़वा के गंभीर मरीज की असमिक मृत्यु हो जाती है। कभी गढ़वा से रांची, कभी गढ़वा से बनारस, पटना आदि ले जाने में मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गुप्ता ने की कार्यक्रम में रेड क्रॉस एग्जीक्यूटिव कमिटी के वरिष्ठ सदस्य अलखनाथ पांडे रेड क्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह सहित बैंक अधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस के पेट्रोन ओमप्रकश कांस्यकर, वाईस पेट्रोन प्रो शिवपूजन सिंह रेड क्रॉस के सह सचिव नंदकुमार गुप्ता वरिष्ठ सदस्य डॉ एनके रजक, रघुवीर प्रसाद कश्यप, राजमणि प्रसाद, नामधारी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य धर्मचंद अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी सहित रेड क्रॉस के सदस्यगण, इंडियन बैंक के पदाधिकारी और कर्मचारी तथा गढ़वा के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने किसानों की समस्या को लेकर धरना दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा के नेतृत्व में किसानों की समस्या को लेकर कचहरी के पास एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र भेजा गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो में किसानों की हालत काफी खराब है। वर्तमान समय में हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक गढ़वा सहित पूरे झारखंड में लुट मचाये हुये हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक को उखाड़ फेंकना होगा, तभी गढ़वा बचेगा। जिस तरह से झामुमो के लोग गढ़वा जिले में उत्पात मचाया है किसान काफी आक्रोशित हैं। मौके पर किसान मोर्चा जिला प्रभारी प्रेमतोष ने कहा कि झामुमो सरकार किसान विरोधी काम कर रही है, किसानों को कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों को पिछले साल का धान खरीद का पैसा अबतक किसानों को नहीं मिला है। वहीं गढ़वा बाजार समिति में किसानों के लिए शेड निर्माण नहीं हुआ। किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि नहीं मिला। केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा कुसुम योजना में धांधली हुई। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी, भाजपा जिला मंत्री बबलु पटवा, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, राधेश्याम यादव, नरेश सिंह, विकास तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, कंचन पांडेय, मनोज महतो, राजेश भुईयां सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फ्रैक्चर क्लिनिक अस्पताल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कचहरी रोड गढ़वा में संतोष मेडिकल हॉल परिसर में फ्रैक्चर क्लिनिक अस्पताल का उद्घाटन किया गया। अस्पताल का उद्घाटन केमिस्ट्र ड्रगिस्ट के जिलाध्यक्ष अद्याशंकर पांडेय और भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। क्लिनिक में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डॉ पी मेहता और डॉ थान नियमित रूप से क्लिनिक में सेवा देंगे। फ्रैक्चर क्लिनिक की शुरूआत में मरीज का ईलाज और आपरेशन भी किया गया जो पुरी तरह से सफल रहा। साथ ही मौके पर मुफ्त में सैकड़ों लोगों का कैल्शियम जांच किया गया। मौके पर क्लिनिक संचालक संतोष दुबे ने बताया कि गढ़वा में हड्डी रोग जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डॉ पी मेहता अनुभवी डॉ है, अब गढ़वा के लोगों को एक कुशल डॉ का लाभ मिलेगा। हड्डी और नस के मामले में अब किसी भी मरीज को गढ़वा से बाहर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फ्रैक्चर क्लिनिक में प्रतिदिन नियमित रूप से डाक्टर उपलब्ध रहेंगे। डॉ पी मेहता ने कहा कि गढ़वा में हड्डी रोग और जोड़ नस रोग के मामले में अब किसी मरीज को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। गढ़वा में उनको अच्छा इलाज फैक्चर क्लिनिक में मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से दीपक तिवारी भाजपा नेता ओमप्रकाश केशरी, विवेकानंद तिवारी, रितेश चौबे, विकास तिवारी, उदय कुशवाहा, उमेश कश्यप सहित अन्य कई मरीजों के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के स्थानांतरण होने पर सोमवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों और लोगों की मौजूदगी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने कहा कि थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना किया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि कृष्ण कुमार युवा होने के साथ साथ एक होनहार थाना प्रभारी के रूप में जाने जाते है। पूर्व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने भी अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि थाना में सात महीने का कार्यकाल के दौरान मुझे यहां के आम आवाम का काफी सहयोग मिला है, जिसे मैं कभी भूल नही सकता हूं। इस मौके पर एसआई प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, मकबूल अंसारी, मुकेश कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, राजमोहन यादव, उपेंद्र यादव, राजेश्वर पासवान, संतोष चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विकास विरोधी है भाजपा, जनता सिखायेगी सबक : मिथिलेश

**मंत्री ने किया 1800 करोड़ की एक हजार से अधिक योजनाओं का भूमि पूजन, शिलान्यास और उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के मैदान में मेगा शिलान्यास समारोह सह परिसंपति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर और शिलापट्ट का अनावरण कर 1792 करोड़ 30 लाख 22 हजार 400 रुपये की 1067 योजनाओं का भूमि पूजन, शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया। मौके पर एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीओ शफी आलम, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज, अनिता, जिपस गीतांजली दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### मंत्री ने 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित महिला कॉलेज भवन का उद्घाटन किया




गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा के सोनपुरवा में 12 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने फीता काटकर, विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर कॉलेज का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, संवेदक अनिल सिंह, वंदना जायसवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## रंका में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि भाजपा का मतलब सबसे बड़ा झूठा पार्टी है। भाजपा हमारे झारखंड की आदिवासियों की सरकार को जानबूझकर परेशान कर यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी कर रही है। श्री ठाकुर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका के मैदान में सोमवार को आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां की जनता भाजपा को गो-गो करके भगायेगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, जिला पार्षद उत्तरी संपूर्णानंद तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया आदि उपस्थित थे।

**उपायुक्त का कार्यालय कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड रॉची का संकल्प संख्या–2103 दिनांक–30.08.2024 के आलोक में विभागाधीन पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आंगनबाडी सेविका–सह–पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पूनर्बहाली हेतु इच्छुक पोषण सखी दिनांक–09.10.2024 तक संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में अपना–अपना आवेदन विहित प्रपत्र में निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 338268 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी आम सूचना (इच्छा की अभिव्यक्ति)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत महर्शि कर्दम पार्क, कोडरमा में पूर्ण रूप से तैयार 03 (तीन) खाली दुकानों की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष / सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | स्थल विवरणी | दुकान हेतु प्रति वर्गफीट मासिक न्यूनतम निर्धारित दर | सुरक्षित जमा राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | महर्षि कर्दम पार्क, कोडरमा में निर्मित 03 (तीन) खाली दुकान | 10.50 रूपया | 25,000.00 | 16 / 10 / 2024 | 03:00 बजे अपराहन |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट व आवश्यक दस्तावेज डाक शुरू होने के पूर्व तक कार्यालय में जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त बैंक ड्राफ्ट की राशि उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। नीलामी से संबंधित नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 338214 (Panchayati Raj)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**
**ई– अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 25/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 05.10.2024

**कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।**

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/154/ 2024-25 | रूगुद आर॰ई॰ओ॰ रोड से खनगड्डा तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–2.060 कि॰मी॰)। | 241.555 | दो करोड़ एकतालीस लाख पचपन हजार पाँच सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 338199Rural Work Department (24-25)D

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

**अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अन्तर्गत लावालौंग, सिमरिया मयुरहण्ड एवं चतरा अंचल के अद्योलिखित तालाबों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक के लिए विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में प्रथम तिथि **दिनांक 16.10.2024** को पूर्वाहण् 11:00 बजे खुली डाक द्वारा अपर समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष जिला स्तरीय वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण समिति, चतरा की उपस्थिति मे जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा में की जायेगी, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 | आहर/तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | तलाब का विवरणी खाता | खेसरा | रकवा (ए0में) | जलक्षेत्र (ए0में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोहावन आहर | सोहावन | लावालौंग | लावालौंग | 18 | 143,147 | 10.95 | 5.0 | 15,000.00 |
| 2 | नारा पोखर | बारा | सिमरिया | सिमरिया | 114 | 149 | 2.55 | 1.53 | 28,000.00 |
| 3 | मयुरहण्ड टाल आहर | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड | 180 | 5980 | 31.86 | 19.11 | 18,500.00 |
| 4 | भोज्या आहर–I | भोज्या | लेम | चतरा | 128 | 899 | 9.75 | 6.50 | 63,000.00 |

**नोट** : उक्त बन्दोबस्ती तिथि के पश्चात् बन्दोबस्ती हेतु शेष बचे तालाबों की बन्दोबस्ती द्वितीय एवं तृतीय तिथि क्रमशः **दिनांक 18.10.2024** एवं **21.10.2024** को पूर्वाहण 11:00 बजे उक्त स्थान पर आयोजित की जायेगी। **बन्दोबस्ती की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा


PR 338185 Fish(24-25)#D


# बुंडू नगर में दुर्गा पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है


विशाल क्लब बिचका टोली : नौ लाख रुपये की अनुमानित खर्च पर आकर्षक पंडाल एवं विद्युत सज्जा के अलावा विद्युत गेट का भी निर्माण किया गया।


बजरंग संघ कॉलेज रोड: इस क्लब में 7 लाख की अनुमानित खर्च पर स्वचालित मूर्ति लगायी गयी है। यहां का पंडाल कोलकाता के एक मंदिर का प्रारूप है।


डमारी दुर्गा मंदिर : दो लाख पचास हजार रुपये की लागत से पंडाल एवं विद्युत सज्जा का कार्य किया गया है।







शिव शक्ति क्लब: इस क्लब में काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। लगभग 3 लाख रुपये अनुमानित खर्च है।


ताऊ दुर्गा मंदिर : दो लाख रुपये की लागत से आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।










श्री राम सेना क्लब कॉलेज मोड बुंडू: तीन लाख पचास हजार रुपये खर्च कर काल्पनिक मंदिर प्रारूप का निर्माण एवं आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है।

## ब्रम्हानंद हृदयालय तमोलिया के सौजन्य से रक्तदान शिविर में 158 यूनिट रक्त संग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह में जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एचएलएम ट्रॉफी के समापन समारोह में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। सुदेश महतो हरेलाल महतो द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस की चाबी नागरिकों को सौंपी एडीबी गम्हरिया तथा पूजा सपोर्टिंग चांडिल के बीच फाइनल मैच हुआ, जिसमें एक गोल दागकर एडीबी गम्हरिया ने पूजा सपोर्टिंग को पराजित किया। मौके पर अतिथियों ने विजेता टीम एडीबी गम्हरिया की टीम को ट्रॉफी तथा दो लाख रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं, द्वितीय स्थान प्राप्त पूजा सपोर्टिंग चांडिल की टीम को डेढ़ लाख रुपये की नकद राशि तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। बीएसएसपी जमशेदपुर को तृतीय एवं राधे राधे सपोर्टिंग पारगामा को एक-एक लाख रुपये नकद राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वही मुख्य अतिथि सुदेश महतो एवं हरेलाल महतो ने कई रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।मौके पर ममहंत विद्यानंद सरस्वती, सचिन महतो, असित सिंह पात्र, सत्यनारायण महतो, सुनील सिंह, अशोक कुमार साव,अमला मुर्मू, बादल उरांव, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, दिगंबर सिंह, अरुण महतो, गोपेश महतो, पुलक सथपति, समेत सैकड़ों अतिथि मौजूद थे।




## अपना प्रतिनिधि उसे चुनें, जो आपके सुख-दुःख में साथ दे : नीलकंठ मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद देकर लगतार विधायक के रूप में सेवा करने का मौका दिया। मैंने भी विधानसभा के सभी गांवों तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। मुझे आप पर पूरा भरोसा है और इस बार भी आपका आशीर्वाद मुझे मिलेगा। विधायक सोमवार को अपने द्वारा अनुशासित घाघरा बांधटोली से जामटोली टुंगरी पथ के निर्माण कार्य और कोड़ाकेल और गनलोया के बीच बनाई नदी में चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के बाद आयोजित सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में विधानसभा चुनाव आनेवाला है। आपके पास विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता-कार्यकर्ता आयेंगे और आपको बरगलाने का प्रयास करेंगे, पर आपको विचार करना है कि आपके सुख-दुःख में कौन काम आयेगा।

विधायक ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र का जितना विकास हुआ है, उतना विकास किसी विधानसभा का नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का विकास कर सकती है तो सिर्फ भाजपा। इसलिए आनेवाले चुनाव में आपको सोच समझकर अपना प्रतिनिधि का चुनाव करना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महता, युवा मुखिया डेनियल डुंगडुंग, मुरहू मुखिया ज्योति डोडराय, गनालोया पंचायत समिति रोशन लाल गंझू, कोडाकेल पंचायत मुखिया मरियम पूर्ति, प्रमुख एलिस ओडेय़ा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यख सुरेश अकेला सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर पिपरवार में छह सड़कों की मिली स्वीकृति



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायतो मे छह सड़कों को बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से छह मुख्य सड़कों का डीएमएफटी मद से प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने के बाद अब सड़कों का जल्द ही निविदा निकाला जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र में जिन मुख्य सड़कों की स्वीकृति मिली है, उनमें किचटो पंचायत के ग्राम होसीर में चंदो महतो के घर से गंवाट स्थल तक गाडवाल एवं पीसीसी पथ का निर्माण कार्य, होसीर मेन रोड से टोली हसनातू तक पथ निर्माण,बचरा उत्तरी पंचायत मे महेश राम के घर से चतुरी राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, बचरा दक्षिणी पंचायत मे बचरा मेन रोड से जयराम के घर से होकर विजय राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वकील के घर से होकर प्रकाश लोहार के घर तक पीसीसी पथ निर्माण और गोला राम के घर से शंकर राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है।

## कराटे प्रतियोगिता में संत टेरेसा स्कूल की बच्चियों ने जीते तीन गोल्ड मेडल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कराटे प्रतियोगिता में संत टेरेसा स्कूल तोरपा की बच्चियों ने तीन गोल्ड सहित आठ पदक जीते हैं। करांटे प्रशिक्षिका श्रुतिका रानी के नेतृत्व में संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय तथा संत तेरेसा बालिका मध्य विद्यालय की छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुई थी। प्रतियोगिता में सीमा बारला, अनुपम मुंडु को गोल्ड मेडल, सुशीला होरो, मेनका कंडुलना, प्रिती भेंगरा और सुशोभित बारला सहित आठ छात्राओं को कांस्य पदक मिला। मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं को सोमवार को विद्यालय में सम्मानित किया गया। मौके पर संत तेरेसा स्कूल की प्राचार्य सिस्टर चंद्रमणि मिंज, शिक्षिका सिस्टर नील कुसुम, सिस्टर क्रिस्सिया ने बच्चों को सम्मानित किया। कराटे प्रशिक्षिका श्रुतिका रानी और स्कूल के सभी शिक्षकों ने विजेता छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नौकरी की मांग को लेकर पांच घंटे ठप रहा कोयला ढुलाई का काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता के बाद चालू हुआ काम



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम किचटो के विस्थापित रैयत मनु महतो पिता खेदु महतो ने नौकरी की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणो के साथ मिलकर कोयला ढुलाई का काम बन्द करा दिया। रैयत मनु महतो ने बताया कि सीसीएल प्रबधंन द्वारा कई वर्ष पूर्व उनकी जमीन अधिग्रहण कर ली है और अभी तक नौकरी नही दिया गया है। प्रबंधन को कई बार लिखित आवेदन दिया जा चुका है,लेकिन कोई पहल नही हुई। उन्होंने कहा कि कार्यालय का चक्कर लगाकर वह थक चुका है जिसके बाद बंदी की गई हैं। इधर कोयला ढुलाई बन्द होने के बाद पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे सीसीएल प्रबधंन और रैयतो के बीच वार्ता हुई। इस वार्ता मे रैयत मनु महतो ने विस्तार से पुरी बातो को रखा। वार्ता में प्रबधंन द्वारा कागजात की जांच व अन्य प्रक्रिया पुरी करने के लिए 15 दिनो का समय लिया गया। वही रैयतो ने प्रबधंन को समय देते हुए 15 दिनों मे मांगे पूरी नहीं होने पर पुनः बंदी करने की घोषणा की। इस वार्ता में अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर अरूण कुमार महतो, किशन अवस्थी,संदीप कुमार, कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा सहित ग्रामीणो में मनु महतों, विकाश महतो, कृष्णा यादव, महेंद्र महतो, दीपक महतों, अंगद महतो, आकाश कुमार, संदीप कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार महतो, अभिषेक कुमार,रंजन महतो, सुनील गंझु, धनेश्वर गंझु सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चुनाव कार्य में लग जायें कार्यकर्ता: जुबैर अहमद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खूंटी जिले के कार्यकताओं की बैठक जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को डाक बांगला में हुई। बैठक में मंईयां सम्मान योजना के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के खूंटी जिले में हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्य में लग जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार जिले की दोनों विधानसभा सीट खूंटी और तोरपा पर झामुमो की जीत सुनिश्चित करनी है। कार्यकर्ता संकल्प लें कि ये दोनों सीट जीताकर हेमंत सोरेन की झोली में डालना है। उन्होंने कार्यकतोओं को घर-घर जाने तथा लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देने को कहा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का दौरा हुआ है। इससे कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हुआ। जिले के लोग भी इस बार झामुमो को विजयी बनाने का मन बना चुके हैं। बैठक में जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया, सुशील पाहन, हेमंत तोपनो, स्नेहलता कंडुलना, उषा धान, सुशांति कोमगाडी, शिशिर तोपनो, राहुल केशरी, रामसूर्या मुंडा, विजय सांगा, प्रकाश नाग मुंडा, मनोज मंडल, देवनाथ माघईया, गुलशन मुंडा, मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, रूबेन तोपनो आदि उपस्थित थे।



## खलारी शांतिनगर में निकला अजगर वन विभाग ने उसे जंगल में छोड़ा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बाजारटांड पेट्रोल गोदाम स्थित शांतिनगर निवासी शंभूदास के घर के पिछले दिवाल में अजगर सांप मिला। जानकारी के अनुसार शंभूदास के घर के शौचालय के पिछले हिस्से की दिवाल में बड़े व मोटे आकार का अजगर सांप को परिवार के लोगो ने देखा। इसकी जानकारी आसपास के लोगो को भी दिया। मौके पर स्थानीय लोगो ने किसी तरह से सांप को दिवाल से बाहर निकाला। साथ ही इसकी जानकारी वन विभाग को दिया। वन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के निर्देश पर फोरेस्टर अस्फाक अंसारी,वनकर्मी शुकलु,वनरक्षी सुनील एक्का ने अजगर सांप को पकड़कर बोरे में डालकर रांची जिला के सीमा पार लातेहार जंगल में छोड़ दिया।

## दो भाइयों की हत्या के प्रतिशोध में हुई थी अड़की के विजय मुंडा की हत्या, दो सहोदर भाई गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** अड़की थानांतर्गत बाड़ीनिजकेल पंचायत के टोला लुपुंगडीह निवासी विजय मुंडा नामक अधेड़ ग्रामीण की पांच दिन पूर्व पत्थर से कूचकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने उसी गांव के मनसा मुंडा (26 वर्ष) और खुदीराय मुंडा (20 वर्ष) नामक दो सहोदर भाइयों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पांच वर्ष पूर्व उनके दो भाइयों इज्जर मुंडा और सामू मुंडा की हुई हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने विजय मुंडा की हत्या की है। यह जानकारी खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास ने सोमवार को पत्रकारों को दी। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर, एक टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल, गमछा, शर्ट, चप्पल, मोबाइल फोन आदि बरामद कर लिये हैं। ज्ञात हो कि आरोपितों के दो भाइयों इज्जर मुंडा और सामू मुंडा की वर्ष 2019 में बाड़ीनिजकेल पंचायत भवन के समीप अपराधियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। इस दोहरे हत्याकांड के अनुसंधान में तीन आरोपितों के नाम सामने आये थे, जिसमें से दो आरोपितों को घटना के कुछ दिन बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि एक अन्य फरार आरोपित की गिरफ्तारी इसी वर्ष हुई है। अपने दो भाइयों की हत्या में आरोपितों को यह संदेह था कि विजय मुंडा से जमीन संबंधी विवाद के कारण ही उनके दो भाइयों की हत्या हुई है और उनके भाइयों की हत्या में विजय मुंडा भी संलिप्त रहा है। इसी प्रतिशोध में दोनों भाईयों ने विजय मुंडा की हत्या करने की ठान ली और मौके की तलाश में जुटे रहे। इसी बीच गत दो अक्टूबर को जब विजय मुंडा हितडीह गांव से हॉकी मैच देखकर रात में घर लौट रहा था, तो मौका पाकर दोनों भाइयों ने विजय मुंडा की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। विजय मुंडा की हत्या मामले में अड़की थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने जब उक्त आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हो गया। खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक के नेतृत्व में गठित छापामार टीम में पुलिस निरीक्षक किशुन दास, अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव अड़की थाना के एसआई मनीष कुमार, एसआई जय कुमार, एसआई कुंदन कुमार, एसआई रोशन खाखा, एसआई राजीव कुमार तुरी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## वज्रपात से लखींद्र मुंडा की मौत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के जगाईसीगु गांव में दोपहर वज्रपात से लखींद्र मुंडा 25 वर्ष की तमाड़ अस्पताल में इलाज के क्रम में मृत्यु हो गयी गांव के तालाब में नहाने गया था। वज्रपात की चपेट में आ गये यह सुनकर तमाड़ के पूर्व विधायक व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को इस दुःख की घड़ी में सांत्वना दी तमाड़ पुलिस ने शव को बरामद कर थाना लायी है आज सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा।

## आदिवासी संगठनों ने 22 सूत्री मांगों के समर्थन में कांके अंचल का घेराव किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति और विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सोमवार को रांची के बोड़ेया चौक से पदयात्रा कर कांके अंचल का घेराव किया। आदिवासी संगठनों ने घेराव 22 सूत्री मांगों का समर्थन किया, जिनमें जमीन लूट की जांच, आदिवासी खतियान की सुरक्षा, और सामाजिक-धार्मिक जमीनों की रक्षा शामिल हैं। पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि आदिवासियों की धार्मिक सामाजिक जमीन धड़ल्ले से लूटी जा रही है। यदि जमीन नहीं बचेगी, तो आदिवासी समाप्त हो जायेंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की परंपरा संस्कृति पर चौतरफा हमला हो रहा है। जमीन से ही जुड़ी हमारे धर्म, परंपरा, संस्कृति है। जमीन नहीं बचेगी, तो हमारी परंपराएं संस्कृति भी नष्ट हो जायेंगी।

# शक्ति संचय और आत्माचेतना की जागृति का महापर्व है दुर्गा पूजा: रामटहल चौधरी

## महाशक्ति दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुला

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** महापंचमी को बूटी मोड़ स्थित शिवाजी चौक महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर पूजा पंडाल का उद्गाटन किया गया। इस अवसर पर कहा कि आदिशक्ति मां दुर्गा सभी की मनोकामना पूर्ण करती है। सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करती है। सभी को संकट और तकलीफ से बचाती हैं। नवरात्र शक्ति संचय और आत्मचेतना के जागृति का महापर्व है। वहीं, महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर रुद्र नारायण महतो ने बताया कि यह पूजा 1999 से आयोजित किया जा रहा हैं। समय के साथ ही पूजा और पंडाल का स्वरूप भी बड़ा हुआ है।

# लापुंग में दर्जनों सड़क मरम्मत योजना का मांडर विधायक ने किया शिलान्यास

# शिलापट्ट पर नाम नहीं, जिप सदस्य व मुखिया का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में दर्जनों सड़कों की मरम्मती योजनाओं का शिलान्यास सोमवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इसमें लतरातू से बालांदू, बेड़ो ककरिया पथ से तिगरा, बेड़ो ककरिया पथ से तेतरा, ककरिया से कुरकुरिया, करुम से अकमरोमा, सापुकेरा से बड़ागाई, विरमकेल से कोयनारा, कातिकेला से दानेकेरा, लड़याटोली से रायटोली, गाड़ा से लोधमा शामिल है, जिसे करोड़ों रुपये की लागत



दर्जनों सड़कों की मरम्मति योजनाओं का शिलान्यास करती विधायक शिल्पी तिर्की।

से मरम्मती की जाएगी। इस सड़क के बन जाने से लापुंग के दर्जनों गांव की जनता को जर्जर सड़कों से निजात मिलेगी। इस असर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड सरकार की मत्वाकांक्षी योजनाओं मंईयां सम्मान योजना, अबूआ आवास योजनाओं से जनता को अवगत कराया। संवेदकर जगजीत सिंह एंड कंपनी द्वारा उक्त मरम्मति कार्य करवाया जाएगा। दूसरी ओर, शीलापट पर नाम नहीं होने से जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो व ककरिया मुखिया बिरासमुनि देवी ने विरोध व्यक्त किया है। साथ ही जूनियर इंजीनियर नितिन कुमार को खूब फटकार लगाई। इस मौके पर देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, मुखिया अलका तिर्की, गंगाधर साहू, सुजीत कुमार तिर्की, पूर्व मुखिया गंगेश्वर उरांव और सुमित कुमार उर्फ चांदू आदि उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चों के बीच फेस ऑफ मां दुर्गा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छ7 और सात के विद्यार्थी सामिल हुए। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मां दुर्गा के मुख का चित्रांकन बनाया। बच्चों ने माचिस की तिल्ली से मां का चित्रांकन किया। जिसमें कक्षा सात के श्रेयांश शौर्य और दीक्षा कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जबकि कक्षा छह के आदित्य राज और ओसामा कुमारी दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा सात के श्रेया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चे अपने संस्कृति से जुड़े रहते हैं।

## बेड़ो में 72 वर्ष से हो रही मां दुर्गा की पूजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की पूजा 72 सालों हो रही है। आजादी के बाद समाज के समाज सेवियों व बुद्धिजीवियों ने साल 1952 में स्व जादव नाथ देवघरिया, रुंजु सेठ, दुर्गा प्रसाद शर्मा, शिबु सिंह, लक्ष्मण सिंह ने सामूहिक रूप से पूजा की शुरूआत बेड़ो स्थित डाक बंगला से की थी। इसके बाद थाना के सामने तहसीलदार के घर में पूजा होने लगी। जिसके बाद साल 1961 में महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की पूजा प्रतिमा स्थापित कर बंगाली पद्धति से विधि-विधान के साथ पूजा शुरू हुई। इस कार्य में जादव नाथ देवघरिया, गोयंदा गोप, दुर्गा प्रसाद शर्मा, कालिकांत राय, हरिश्चंद्र राय, विनोद चंद्र देवघरिया व हरि सोनी (इनमें हरि सोनी छोड़ कर सभी अब स्वर्गीय) का सराहनीय योगदान रहा। पूजा समिति के संयोजक सौमित्र शर्मा व अध्यक्ष साधन कुमार राय ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से यहां माता की पूजा दशकों से हो रही है। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वाधान में इस वर्ष पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। कलश स्थापना से पूजा स्थल व आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। मंदिरों को आकर्षक विद्युत लाइट से सजाया जा रहा है। पूजा स्थल पर निर्मित काल्पनिक पंडाल भक्तों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। मंगलवार को षष्टी को वैदिक मंत्रों के बीच बेलवरण पूजा के बाद दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिया जाएगा। विजय दशमी को 50 फिट ऊंचे रावण दहन आकर्षक का केंद्र होगा।

## जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा पंडाल का में उमड़ी भीड़



**नामकुम (आजाद सिपाही)। नवयुवक संघ जय माता दी क्लब नामकुम रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सोमवार की शाम प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, डॉ रामेश्वर उरांव आदि ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने चुनरी एवं शॉल ओढ़ाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी ने मां भगवती से सुख शांति की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, सुरेश सिंह, श्याम मुंडा, अमरनाथ मुंडा, हिमांशु कुजूर, कृष्णा कुमार, रामभजन मुंडा, मुकेश वर्मा आदि मौजूद थे।**

# नवागढ़, कुच्चू में वाच टावर, पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** खिजरी विधानसभा अंतर्गत नवागढ़ एवं कुच्चू पंचायत में सोमवार को पूर्व विधायक रामकुमार पहान एवं सासंद पूत्र ईश्वरीय सेठ ने संयुक्त रूप से सांसद मद से बनाये जाने वाले तीन पीसीसी पथ एवं वाच टावर का शिलान्यास किया। इसमें रंगामीटी बरवटोली में कुयला बेदिया के घर से स्वर्ण रेखा नदी तक 400फीट, कुच्चू सिंगारी मुख्य पथ से कायरा कोचा तक 400 फीट एवं खभावन में सुखराम बेदिया के घर से रोपना बेदिया के घर तक 400 फीट पीसीसी पथ निर्माण शामिल है। वहीं, हाथी प्रभावित क्षेत्र के लिए वाच टावर ओबर में जमहरीटॉड़, ओबर झरना, टुमांग टुंगरी, नवागढ़ में गढवाली एवं रंगामाटी में



गढापार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बेदिया जनजाति उत्थान समिति की ओर से सभा आयोजित की गयी। अपने संबोधन में भाजपा एस्टी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह बेदिया समाज के अगुवा बुधराम बेदिया ने कहा कि शिलान्यास इस क्षेत्र के लिए अजाद भारत का पहला अवसर है जो सांसद मद से परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाऐगा। हमारे क्षेत्र को सांसद के विशेष संरक्षण की आवश्यकता है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, जिला मंत्री माधुरी देवी, एसटी मोर्चा की लिला मंत्री नंदलाल राम, पंचम भोगता, सत्यपाल रावत, शिवधर रजवार, दिलीप मिर्धा पूर्व मुखिया सुमित्रा देवी और जेतिलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास सोमवार को विधायक ने शीलापट का अनावरण कर किया। जिसमें एनएच 33 जामचुंआ से उलीडीह तक पथ निर्माण 2.150 किमी, बुदरी से जामचुंआ एनएच 33 कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय तक पथ निर्माण दो किमी, रामपुर पंचायत के ग्राम बुदरी में पुल निर्माण एनएच 33 हरबुल से जरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.950 किमी, हुवांगहातु मुख्य पथ से हेसापीड़ी भाया बसियादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 5 किमी, लाली पंचायत के गरुड़पीड़ी से बारेडंडा के बीच टुंडी नदी पर पुल निर्माण, जाराटोली स्कूल से बालागड़ा तक पथ निर्माण कार्य 1.8 किमी, लाली जराटोली से राहे हाहे पथ भाया लेटाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकारण कार्य 3.150 किमी, हेसला टोली डारी चौक से लाली बजरमारा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य 3.6 किमी, बड़कुम्बा यात्री शेड से बजरंगबली मंदिर भाया होरहाप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 7.850 किमी एवं राजाउलातु लाली पथ से बलीकट भाया उर्सलाइन इंटर कॉलेज तक पथ निर्माण 3.850 किमी शामिल है। मौके पर विजय टोप्पो, कल्याण लिंडा, महेश्वर महतो, महादेव मुंडा, एतवा सांडिल आदि उपस्थित थे।

## वैज्ञानिक एवं जेएसएलपीएस अधिकारी ने किया सोयाबीन की खेती का निरीक्षण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आजीविका सखी मंडल से जुड़ी महिला किसानो द्वारा सोयाबीन की खेती की जा रही हैं। किसानों को सोयाबीन की खेती करने के लिए जेएसएलपीएस की ओर से प्रमोट किया जा रहा है। महिला किसानों को सोयाबीन का बीज किस्म-स्वर्ण वसुंधरा कृषि अनुशंधान केंद्र प्लांडू में विकसित करके जेएसएलपीएस द्वारा उपलब्ध कराया गया है। सोयाबीन की खेती कराने का मुख्य उद्धेश्य लोगों द्वारा घरेलू स्तर पर सोयाबीन के फल से दूध, पंनीर, दही, आईसक्रीम, बनाकर उपयोग कराना है, ताकि लोगों को इसके उपयोग से स्वास्थ्य लाभ मिल सके। नगड़ी प्रखंड के टिकरा टोली, साहेर, चेटे गांव के किसान सोयाबीन की खेती किए हैं। किसानों द्वारा जुलाई महीने के मध्य में इसकी बुआई की गई थी। अक्टूबर महीने के प्रथम सप्ताह में इसकी तुडाइ की गई। इसके फल को पुणे के व्यापारी द्वारा 50 रुपया प्रति किलो की दर से खरीद किया गया है। इस अवसर पर जेआईसीए पीएम से शिवेंद्र, कृषि अनुसंधान केंद्र से डॉ आरएस पान, जेआईसीए पीएम पंकज कुमार ने सोयाबीन की खेती का निरीक्षण किया।

# राशि आवंटन के अभाव में अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम की योजनाओं का क्रियान्वयन ठप: मुस्तफा अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता सह झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने कहा कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम को विगत कई वर्षों से राशि का आवंटन नहीं मिला है। जिस कारण अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाएं सफेद हाथी बन कर रह गई हैं। अल्पसंख्यकों को आज तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। मुस्तफा अंसारी ने बताया कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अनुसार बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम की तर्ज पर अलग राज्य बनते ही झारखंड में भी इसका गठन हो जाना चाहिए था पर 12 साल बाद यानि 2012 में



झारखंड राज्य अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम का गठन किया गया। जिस उद्देश्य को लेकर इसका गठन किया गया वह आज तक पूरा नहीं हो सका। केंद्र सरकार से एक बार भी फंड नहीं आया जो बेरोजगार युवकों को लोन देने और अन्य विकास योजनाओं के लिए काम आता। सच्चाई यह है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम को झारखंड सरकार द्वारा आज तक राशि आवंटन का प्रस्ताव ही भेजा नहीं गया है। हर साल केंद्र से झारखंड को 50 करोड़ अनुदान मिलते। अब तो राशि भी बढ़ा दी गई है। अन्य पड़ोसी राज्य हर वर्ष 100-200 करोड़ ले रहे हैं। यदि अलग राज्य होने के बाद से हिसाब जोड़ा जाए तो झारखंड राज्य अबतक लगभग 900 करोड़ रुपए अनुदान राशि गवां चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र से राशि हासिल नहीं किए जाने से अल्पसंख्यकों को स्वरोजगार, शिक्षा योजना, ऋण सहित अन्य विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

## तेतरा गांव पीएम उज्ज्वला गैस के लाभ से वंचित जंगल की कटाई जारी



**लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लातरातु पंचायत अंतर्गत तेतरा गांव में आदिवासी परिवार को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस के मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिला है। जिस कारण उक्त गांव के लोग सरसा जंगल से लकड़ी काट कर जलावन के लिए ले जा रहे है। यहां के लोग आज भी लकड़ी जलाकर खाना पकाने पर मजबूर हैं। जिन्हें गैस सिलेंडर मिला भी है वो भी महंगी सिलेंडर खरीद पाने में असमर्थ हैं, जिस कारण जंगल से लकड़ियां काटकर जलावन के लिए एकत्र करते रहते हैं। बुधवा पहान व उसकी पत्नी सुमानी उरांव ने कहा कि गैस नहीं मिलने से लकड़ी पर खाना बनाते है। लकड़ी के लिए भी तीन किमी दूर जाकर जंगल से लकड़ी काटकर लाना पड़ता है।**

## डांडिया महोत्सव में झूमीं महिलाएं



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के अवसर पर स्वास्तिक महिला क्लब की ओर से देर शाम नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित हंगरी ब्रर्डस रेस्टोरेंट्स में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व क्लब की महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा कर देश और समाज की तरक्की की कामना के साथ की। नृत्य की शुरूआत गणेश वंदना व दुर्गा स्तुति से हुई। क्लब की महिलाओं के अलावा युवतियों व बच्चियों ने भजनों के अलावा पारंपरिक गीतों पर जमकर डांडिया खेली और गरबा किया। अंत में सभी बच्चों और महिलाओं को सम्मानित किया गया। डांडिया कार्यक्रम में मुख्य रुप से मिस झारखंड इंद्राणी राय एवं मिस रायपुर वेदा श्री शामिल थी। मौके पर तंद्रा मुखर्जी, मधुमिता साहा, संध्या चौधरी, सरिता नायर, रंभा महतो, सरोज अग्रवाल, दीपा श्रीवास्तव, तान्या नायक, डिंपल सिंह, शारदा महतो, मिताली बनर्जी पूनम वर्मा, आभा तिवारी, निभा तिवारी, आशा लता, सुधा, स्मिता, मौसमी, मधु, अंजली, रिकीं आदि मौजूद थी।

## बेड़ो से अज्ञात अधेड़ का शव बरामद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-बेड़ो पथ के समीप धान खेत के पास बेड़ो पुलिस ने सोमवार की सुबह आठ बजे 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। बताया कि मृतक को रविवार को कुछ लोगों ने आसपास बैठा देखा था।

## टाइल्स-मार्बल प्रतिष्ठान का शुभारंभ



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी ब्लाक चौक में टाइल्स मार्बल की दुकान का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने किया। इसमें सस्ते दर पर टाइल्स, मार्बल, सेनेटरी के ब्रांडेड प्रोडक्ट उपलब्ध रहेंगें। इस मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, मुखिया दीपक बडाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंसस ललिता देवी, राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, समाजसेवी दीपा चौरसिया, रोहन बर्मन, शशि मेहता, आनंद महतो, एस तिवारी, शंकर साहू और उषा देवी आदि उपस्थित थे।

## शिवसेना के पूर्व प्रभारी निरंजन मिश्रा का निधन, शोक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिवसेना के पूर्व मांडर विधानसभा प्रभारी सह बेड़ो निवासी समाजसेवी निरंजन मिश्रा (48) की लंबी बीमारी के बाद सोमवार की सुबह नौ बजे निधन हो गया। निरंजन मिश्रा के निधन से झारखंड शिवसेना परिवार समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। स्वजनों ने बताया कि निरंजन मिश्रा पिछले कई महीने से बीमार चल रहे थे। रांची के रिम्स अस्पताल में उनका इलाज भी चल रहा था। निरंजन मिश्रा का अंतिम संस्कार बेड़ो के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र राजा मिश्रा ने दिया। अंतिम संस्कार में शिवसेना मांडर विस प्रत्याशी एतवा लोहार, राम बड़ाइक, जितेंद्र सिंह, विजय गोसाई, मधुसूदन गोप, समाजसेवी किशोर साहू, बजरंग गोप, खद्दी उरांव, लिबु बड़ाइक, ईश्वर बड़ाइक आदि शामिल हुए।

# सुभाष मुंडा हत्याकांड के षड्यंत्रकारी व शूटर को गिरफ्तार करने की मांग

## जुलूस निकाल कर पुलिस पर लगाया जांच में लापरवाही का आरोप

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** माकपा के युवा नेता कॉ सुभाष मुंडा की 26 जुलाई 2023 को अपराधियों ने गोमी मार कर हत्या कर दी थी। उस दिन से लगातार आज तक आंदोलन कर न्याय की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को इंद जतरा मैदान से दलादिली टीओपी तक जुलूस निकाला गया और टीओपी के समक्ष प्रदर्शन किया गया। पार्टी के जिला सचिव प्रफुल्ल लिंडा ने कहा कि हत्याकांड के एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। पर हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी पता नहीं किसके दबाव में मुख्य षडयंत्रकारी और शूटर को अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिला कमेटी सदस्य कृति सिंह मुण्डा, विमल उरांव,



सोमरा मुंडा, महेश मुंडा और बुधराम उरांव ने भी मुख्य षड्यंत्रकारी व शूटर को गिरफ्तार करने की मांग की। उधर, टीओपी के समक्ष प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड के पुलिस महानिदेशक के नाम टीओपी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांग में हत्याकांड के बाकि हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने, फॉरेंसिक रिपोर्ट पूरा कोर्ट को एक सप्ताह में जमा कराने और शहीद के परिवार को वापस सुरक्षा देना शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकल कमेटी के सचिव कपिल कुमार महतो व संचालन बिरसा मुंडा ने की। इस मौके पर लक्ष्मण उरांव, अजय मुंडा, मंगेशकर टाना भगत, ललित मुंडा, छोटन देवी, प्रदीप महतो, उपमुखिया अमित तिर्की, नीमा तिर्की, सोमरा मुंडा, समीर मुण्डा और राजेन्द्र उरांव आदि मौजूद थे।


### कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0-संख्या- ZP/LATEHAR- 33/2024-25

1.कार्य का नामः-

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुआ (दरहा) में पुलिया निर्माण। | 69,50,986 | 1,39,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम सिरम में बाडी डेरा में पीच रोड से बाडी डेरा गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 60,92,400 | 1,22,000 | 10,000 | 06 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 08.10.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-14.10.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 16.10.2024 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या- 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 338226 Rural Development(24-25).D

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहा साइबर क्राइम का शिकार जयनाथ

## 8.20 लाख खाते से निकाल लिये थे अपराधियों ने, आरोपी को पकड़ने के बाद भी पुलिस ने छोड़ दिया

## स्थानीय पुलिस से निराश जयनाथ ने वित्त मंत्री को दिया ज्ञापन, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, उच्च न्यायालय की भी लेगा शरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला अंतर्गत उंटारी प्रखंड के कुटमू गांव निवासी जयनाथ मेहता साइबर क्राइम का शिकार हो गया। उसके खाते से आठ लाख 20 हजार रुपये एक मुश्त निकाल लिये गये। घटना 27 जुलाई की है। इस संबंध में उसने उंटारी थाना में घटना के दिन ही मामला दर्ज कराया, लेकिन अभी तक न तो मुख्य आरोपी गिरफ्तार हुआ और न ही उसका रुपया ही वापस मिला। आरोप है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ने के बाद भी छोड़ दिया। जयनाथ मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और अपने रुपये वापस पाने के लिए दर दर भटक रहा है। कांग्रेस के चौपाल में 5 अक्तूबर को शामिल होने विश्रामपुर आये राज्य के वित्त मंत्री को उसने इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगायी है। उसने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिख कर न्याय दिलाने की मांग की है।

साइबर क्राइम का शिकार हो चुके जयनाथ ने बताया कि 27 जुलाई को पांडू थाना क्षेत्र निवासी रंजीत कुमार चंद्रवंशी उसकी दुकान पर स्कैनर लगाने आया। स्कैनर लगाने के कुछ देर बाद उसने जयनाथ से कहा कि उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आया है, जिसे बताये। इसी बीच कुछ काम से वह दुकान के अंदर चला गया। उसका मोबाइल दुकान के बाहरी हिस्से में ही चार्ज मे लगा हुआ था, जिसे रंजित ने चार्ज से निकाल कर ओटीपी देखने के नाम पर छेड़छाड़ की और जयनाथ के खाते में जमा आठ लाख 20 हजार रुपये दूसरे किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर के वहां से फरार हो गया। जयनाथ ने बताया कि जब वह दुकान के बाहरी हिस्से में वापस आया, तो उसने एक ग्राहक के खाते में पैसा ट्रांसफर करना चाहा। पता चला कि खाता खाली है। उसने तत्काल इसकी लिखित शिकायत उंटारी रोड थाना में की। उंटारी पुलिस एक्शन में आयी और पांडू पुलिस के सहयोग से आरोपी रंजीत कुमार चंद्रवंशी को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने के बाद रंजीत कुमार चंद्रवंशी ने अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इसी बीच पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान उंटारी थाना पहुंचे। जयनाथ का आरोप है कि पुलिस निरीक्षक ने कुछ देर बाद रंजीत कुमार चंद्रवंशी को छोड़ दिया। उसके बाद जयनाथ ने अपने खाते का बैंक स्टेटमेंट निकलवाया। उसे पता चला कि दुर्ग भिलाई निवासी शेख सद्दाम के खाते में उसके खाते से चार लाख 45 हजार रुपये गये हैं। इसके बाद वह खुद दुर्ग भिलाई चला गया। शेख सद्दाम का खाता जिस बैंक में था, वह उसमें गया। वहां आग्रह करने के बाद बैंक से उसे शेख सद्दाम का आवासीय पता मिल गया। जयनाथ दुर्ग भिलाई के एसपी के पास गया और दुखड़ा सुनाते हुए सारा दस्तावेज दिखाया। एसपी के निर्देश के बाद वहां की पुलिस ने शेख सद्दाम को उसके घर से पकड़ लिया। दुर्ग भिलाई पुलिस की सूचना पर उंटारी पुलिस दुर्ग भिलाई गयी और शेख सद्दाम को अपने कब्जे में लिया। आरोप है कि शेख सद्दाम को वहां से लाने के बाद पुलिस ने बिना पूछताछ के ही उसे जेल भेज दिया। शेख सद्दाम के खाते का इस्टेटमेंट जब निकाला गया, तो पता चला कि उसके खाते से रुपया आगे यूपी गोरखपुर निवासी श्याम कुमार यादव के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है। जयनाथ गोरखपुर भी चला गया और वहां की पुलिस से संपर्क स्थापित कर गुहार लगायी। गोरखपुर पुलिस ने जांचोपरांत बताया कि श्याम कुमार यादव के खाते से रुपया पुनः शेख सद्दाम के खाते में वापस चला गया है। गोरखपुर पुलिस ने कहा कि अगर केस के आइओ रामाशीष पासवान यहां आकर जो भी प्रशासनिक सहयोग मांगेंगे, उन्हें दिया जायेगा। श्याम कुमार यादव को भी गिरफ्तार कर उनके हवाले कर दिया जायेगा। जयनाथ वापस आया और केस के आइओ को सारी बात बता कर वहां जाने का अनुरोध किया। लेकिन उसकी एक न सुनी गयी। निराश हो कर उसने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। अब वह उच्च न्यायालय की शरण में जाने का मन बना चुका है।

### पुलिस अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रही है : अनुसंधानकर्ता

पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक सह केस के अनुसंधानकर्ता रामाशीष पासवान ने कहा कि पुलिस उक्त मामले के उद्भेदन हेतु हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि इसमें संलिप्त सभी आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके। एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। बाकियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में मना नवरात्रि उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पूरे देश में दशहरे की धूम है। लोग नवरात्र में माता रानी की पूजा अर्चना व साधना में लीन है। उक्त अवसर पर मेदिनीनगर के ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि उत्सव सह पैरेंट्स एंड ग्रैंड पैरेंट्स डे और डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सपत्नीक पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला,समृद्धि की रोटी की संचालिका शीला श्रीवास्तव, शहर के चर्चित पेंटिंग शिक्षिका आशा कुमारी शामिल थी। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने ब्रजेश शुक्ला और उनकी धर्म पत्नी, विद्यालय के निदेशक पंडित प्रदीप नारायण, प्राचार्या सोनी पंडित, उप प्राचार्य सुनील कुमार, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं नवरात्रि उत्सव में आये भगवान और देवी दुर्गा के स्वरूप बच्चे एवं बच्चियों के साथ थाइलैंड प्रजाति का आम का पौधा स्कूल कैंपस में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगा कर किया। मां दुर्गा ने दस दिन तक महिषासुर से युद्धकर उसे पराजित की थी। वहीं भगवान राम ने भी मां दुर्गा की उपासना कर उनका आशीर्वाद लेकर रावण को पराजित किया था।

डांडिया गुजरत का प्रसिद्ध लोक नृत्य है जिसे अब पूरे देश और दुनिया में लोग खूब धूम धाम से मनाते है। दशहरा के अवसर पर डांडिया का खास महत्व है। डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक ऐसे अवसर पर हम सभी को पर्यावरण धर्म के तहत पौधा लगाकर उसे बचाने का शपथ लेना चाहिए। प्रकृति है तो हम है। उन्होंने कहा कि लोगों को अभी से सतर्क होने की जरूरत है। बढ़ते तापमान,बदलता मौसम, कम होता वर्षा ये अच्छे संकेत नहीं है। कौशल किशोर पूरे देश और दुनिया में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे है। जागो और प्रकृति को संरक्षित करो। बृजेश शुक्ला ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों की प्रतिभा को सैल्यूट दिया। उन्होंने सभी लोगों को नवरात्रि और दशहरा की शुभकामनाएं।

## हुसैनाबाद में बसपा की झारखंड बचाव यात्रा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले हरिहरगंज हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र से भावी उम्मीदवार प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में सोमवार को सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान से झारखंड बचाव यात्रा सह जागरूकता रैली शुरूआत की गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक राम, जिला प्रभारी मनु कुमार ने कहा कि इससे पहले विभिन्न दलों द्वारा कभी परिवर्तन यात्रा तो कभी संकल्प यात्रा निकाल कर झारखंड वासियों को गुमराह करने और राज्य की संपदा को लूटने का काम किया जाता रहा है। किंतु बसपा केंद्रीय राज्य प्रभारी गयाचरण दिनकर के निदेर्शानुसार आयोजित झारखंड बचाव यात्रा का उद्देश्य झारखंड की जल, जंगल, जमीन और संविधान की रक्षा करते हुए लोगों को जागरूक करना है। इसके लिए उन्होंने अगामी विधानसभा चुनाव में एक जुट होकर बसपा को मजबूत करने का आह्वान किया।

बता दें कि पहले दिन झारखंड बचाव यात्रा सीता प्लस टू हाई स्कूल के मैदान से शुरू हो कर शहर के मेन रोड, कौआखोह सहित कई जगहों से होते हुए सुलतानी में संपन्न हुआ। प्रत्यासी प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि आगामी बुधवार को बामसेफ डीएस फॉर के संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी के पुण्य तिथि हरिहरगंज हुसैनाबाद विधान सभा स्तरीय बालकिशोर सिंह इंटर कॉलेज कौवाखोह के मैदान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राम बाबू, सूरजमल राम, राम प्रताप गुप्ता, रमन राम, गुड्डू भुइंया, श्याम सुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, मंगलदेव राम, रवि कुमार, दिनेश गुप्ता, सुशील रवि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## 'संकल्प 100 दिन' अभियान का समापन समारोह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** टाउन हॉल में 'संकल्प 100 दिन' 21 जून से 4 अक्टूबर के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी, डीडीसी, एसपी ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के अवसर पर भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की समस्याओं को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। आज महिलाएं और कामकाजी महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन ने महिलाओं की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह स्वयं महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण हैं। नगर आयुक्त ने महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर चर्चा की और जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी और उनकी टीम को बधाई दी। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन और छतरपुर एसडीएम ने भी भाग लिया। जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी ने संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित समस्त कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया और सभी विभागों, विशेष रूप से जेएसएलपीएस टीम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक, सेविका और बाल संरक्षण इकाई को धन्यवाद दिया। नीता चौहान ने डॉ. तबरेज यूनिसेफ की जिला प्रशासन के साथ बाल विवाह, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों पर निरंतर सहयोग के लिए सराहना की। उन्होंने केडी पासवान, चाइल्डलाइन टीम और सभी स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया।

## शांति समिति की बैठक में पूजा के दौरान व्यवस्था बनाये रखने की अपील



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन ने आम लोगों से दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में यह अपील की गयी। डीसी ने कहा कि सड्डाी पंडालों में मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। पूजा समितियों से मिली सूची के अनुसार स्वयंसेवकों को टी-शर्ट दिया जायेगा। इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एंबुलेंस को ड्डाी टैग किया गया है। उन्होंने सड्डाी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली और मेडिकल प्लान, प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था और पंडालों में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने को कहा। डीसी ने सोशल मीडिया पर ड्डाी पैनी नजर रखने को कहा। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, सड्डाी सीओ, एसडीपीओ, थाना प्रड्डाारी, पूजा समितियों और विड्डाान्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुखिया ने किया नाली का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी पंचायत की सोनबरसा गांव में सोमवार को 15वें वित्त से बननेवाली नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने किया। मुखिया ने कहा कि अपनी पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगी हूं। समाज के हर क्षेत्र में हर तबके का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गांव में नाली का पानी सड़क पर बहता था। इसकों ध्यान में रखते हुए नाली का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी विमलेश पासवान, वार्ड सदस्य प्रीति कुमारी, रंजन कुमार रवि ,कमलेश पासवान, रामनंदन बैठा, सरदार बैठा, रामपति राम, बुधन राम ,सत्येंद्र राम, इंद्रजीत कुमार, सुरेश राम, राम आश्रय राम, खखनू राम ,बुधन राम समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड की जनता सजग है वह अपने अधिकार के लिए लड़ना जानती है: डॉ रामेश्वर उरांव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा लक्ष्य विधानसभा 2024 जन संवाद चौपाल कार्यक्रम को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पितांबरपुर के प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सह विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव मौजूद थे। जन संवाद चौपाल कार्यक्रम में मंत्री डां रामेश्वर उरांव का सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस युवा नेता रूद्र शुक्ला ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंत्री ने भाजपा के उड़न तस्तरी से आनेवाले बड़े नेताओं पर जम कर बरसते हुए कहा कि झारखंड कोई चारागाह नही है यहां की जनता सजग है अपने अधिकार के लिए लड़ना जानती है। युवा नेता रूद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी विधानसभा में जन चौपाल के माध्यम से डॉ रामेश्वर उरांव का आगमन नीलांबर पीतांबर की धरती पर हुआ है जो पलामू के लोगों को सदैव अपने हृदय में बसा कर रखते हैं। आज पार्टी के मजबूती के लिए पूरे झारखंड में हर जगह अपने कार्यकताओं और आम जनता के बीच पहुंचकर एक बड़ी ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। डां रामेश्वर उरांव का कोटि-कोटि धन्यवाद है की जनता के बीच पहुंचकर पार्टी के मूल बातों से जन चौपाल के माध्यम से आम जनता से सीधी बातें कर रहे हैं। पांकी विधानसभा की जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ता मंत्री जी के बताए गए बातों को लेकर बूथ स्तर तक जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

## विकास दुबे ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण



**मेदिनीनगर( आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी राजनीश रंजन दुबे ऊर्फ विकाश दुबे ने अभी तक 119 पूजा पंडालों का भ्रमण कर माता रानी से क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने की प्रार्थना की। विकास दुबे ने बिश्रामपुर मझिआंव विधान सभा क्षेत्र के पूजा पंडाल में नावा, बिश्रामपुर, नावा प्रखंड के ताली, तुकबेरा, राजहरा कोठी, चचहना, चनेया, कंडा, नावा बाजार, ब्रह्मोरिया,अटरिया, अमवा, रेहला, डंडिला खुर्द साहित कई पूजा पंडाल का भ्रमण किया। झारखण्ड युवा विकाश पार्टी के केंद्रीय सह भावी विधायक प्रत्याशी विकाश दुबे ने दुर्गा पुजा के कमेटी के अध्यक्ष व सभी सदस्यों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर पार्टी के कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विजय कुमार राम, आलोक पांडे,डब्लू चौबे, जितेंद्र कुमार मेहता,विवेक शुक्ला,पप्पू पासवान, शशिकांत शुक्ला, विष्णु शुक्ला, विकास शुक्ला, निखिल शुक्ला, ऋषि शुक्ला साहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे विधायक

**हरिहरगंज और हुसैनाबाद की जनता का प्यार हमारी पूंजी है: कमलेश सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद आने की सूचना मिलते ही जगह-जगह ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और फूल माला के साथ उनका स्वागत किया। विधायक का काफिला जपला छतरपुर मुख्य पथ में प्रवेश करते ही जपला नहर मोड़ तक आधा दर्जन स्थानों पर उन्हें रोक कर उन्हें फूल माला देकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। नहर मोड़ पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं का यह प्यार का वह आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनके राजनीति का सबसे बड़ा कारण है। क्षेत्र का तेजी से विकास और अपने धर्म और संस्कृति का संरक्षण डबल इंजन की सरकार में हो सके, इसके लिए उन्होंने भाजपा में जाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राह नयी जरूर उन्होंने चुना है, मगर कमलेश का संकल्प वही है।

### विधायक ने किया चार सड़क निर्माण का शिलान्यास

स्वागत कार्यक्रम के उपरांत विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उस में जपला पथरा मुख्य पथ से लंगरकोर्ट गांव होते हुए पथरा पथ तक, जपला पथरा मुख्य पथ से गांवखाप तक, सोनबरसा बरवाडीह सबानों पथ और बाजारी बुधुआ से हरिजन टोला बुधुआ तक पथ निर्माण शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक का फूल माला गाजा-बाजा के साथ स्वागत किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक ने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म और समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मौके पर भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, रौनक सिंह, रतन लाल, पप्पू सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, बिनय पासवान समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पलामू सांसद का प्रयास लाया रंग, कोविड के समय से बंद बरवाडीह-चुनार पैसेंजर ट्रेन जल्द होगी चालू

### पलामू संसदीय क्षेत्र के 11 रेलवे स्टेशनों को जोड़ती है यह ट्रेन

**विदित है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 03603/03604 को पुनः परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड के द्वारा आज प्रदान कर दी गयी है। बहुत जल्द उक्त ट्रेन के परिचालन संबंधी तिथि निर्धारित की जायेगी। इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया था एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। विदित है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। उक्त ट्रेन के परिचालन बंद हो जाने के कारण पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल,गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है। साथ ही इस ट्रेन को पुनः चालू करवाने के लिए अथक प्रयास करने वाले सांसद वीडी राम को पलामू की जनता ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कार से एक हजार लीटर स्प्रिट और नकली शराब बनाने की सामग्री जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरोरा/कतरास।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान बरोरा पुलिस ने रविवार की सफेद रंग के फोर्ड एंडिवर कार से एक हजार लीटर स्पिरिट जैसा तरल पदार्थ जब्त किया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे। इसे लेकर सोमवार को बरोरा थाना परिसर में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि बरोरा पुलिस ने वाहन जांच के दौरान कतरास के राहुल चौक की ओर से आ रही कार को रोकने का प्रयास किया। पर गाड़ी चालक पुलिस को चकमा देकर वहां से भागने की कोशिश की। पर पुलिस की गस्ती दल ने उस कार का पीछा करना शुरू किया। यह देख तस्कर कार को बेहराकुदर जाने वाले पीसीसी सड़क पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने उक्त वाहन की जांच की तो उसमें से 50 लीटर वाले 20 डब्बा में करीब एक हजार लीटर स्प्रिट, 20 लीटर वाले डब्बे में महुआ शराब और पांच बोतल अंग्रेजी शराब के साथ अंग्रेजी शराब का एक कार्टून भी जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं, बरोरा थाना प्रभारी जय प्रकाश ने बताया कि उक्त स्प्रिट का इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कार यूपी नंबर की है। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। कहा कि जल्द ही धंधेबाज को पकड़ लिया जाएगा। इस अभियान में थाना के सतेंद्र प्रजापति, अजय कुमार और राजेश मंडल की भूमिका अहम रही।

## जिला खनन पधाधिकारी ने पकड़े बालू लदे तीन ट्रैक्टर



**कसमार/पेटरवार (आजाद सिपाही)।** जिला खनन पधाधिकारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो जिलांतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पेटरवार थाना अंतर्गत भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के सामने पेटरवार-दांतू मुख्य सड़क पर बिना परिवहन चालान के बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जिसे जब्त कर पेटरवार पुलिस को सौंप दिया गया। साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सीताराम टुडू आदि शामिल थे।

## कांग्रेस ने नये प्रदेश पदाधिकारियों का किया अभिनंदन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस की ओर से नए प्रदेश पदाधिकारियों का सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया। धनबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी गई है। जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान को प्रदेश सचिव, जिला सचिव अकाश प्रमाणिक, एनएसयूआई नेत्री प्रिया गुप्ता को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि संगठन से मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और धनबाद जिले के साथ ही पूरे झारखंड में छात्रों से जुड़ी समस्याओं पर कार्य करूंगा। मेरा पूरा प्रयास होगा कि राज्य का विकास होगा। चाहे कॉलेज हो, स्कूल हो या कोई भी शिक्षण संस्थान, मेरा लक्ष्य पंक्ति में खड़े उस आखिरी छात्र तक मदद पहुंचाना है जो शिक्षा तंत्र में कमियों के कारण गुणवक्ता वाले शिक्षा से वंचित रह जाता है। वहीं, प्रदेश सचिव रवि पासवान और आकाश प्रमाणिक ने संगठन को इस नए जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर उत्तम कुमार, देवेंद्र पासवान, सनी सिंह, राज रंजन सिंह, साहिल खान, सोनू पासवान, मोइन अंसारी, ऋतिक चटर्जी, अमन प्रसाद, मयंक चौहान, रोशन कुमार, आयुष कुमार, सुंदर कुमार, रोशन कुमार और रोहित मंडल आदि मौजूद थे।

### बेरमो विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

## सेवक की ताकत जनता की खुशी में होती है: अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने सोमवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि बेरमो में प्रत्येक गली, सड़कों, नाली आदि निर्माण कार्य पूरा करने के साथ ही स्वच्छता बनाना मूल उद्देश्य है। ताकि पूरे क्षेत्रों में ग्रामीण स्वस्थ रहें। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, ताकि लोगों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा सके। विदायक ने कहा कि अब तक जरीडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में 600 करोड़ रुपए की योजनाओं का काम चल रहा है। मैं केवल स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के बगिया को स्वच्छ रकते हुए संवारने की कोशिश में लगा हूं, क्योंकि सेवक की ताकत जनता की खुशी और हाथ में होती है। हाथ को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने डीएमएफटी मद से कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें खुंटरी पंचायत के 12 नंबर वार्ड भुटकुरू संजय सिंह के घर से गोमदीडीह होते हुए ठाकुरटांड़ मेन रोड़ तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। इसपर करीब 75 लाख रुपए की लागत आयेगी। इसके अलावा बारू पंचायत के धधकीडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने से खतरी गोड़ा होते हुए खांजो नदी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। जिस पर लगभग 93 लाख रुपए की लागत आएगी। बाराडीह पंचायत ग्राम बाराडीह ऊपर टोला स्थित रघुनाथ महतो के बगल में राजेंद्र भवन (महिला वृद्धा आश्रम) दो तल्ला भवन का निर्माण का शिलान्यास भी किया। यजिसे 91 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। जैना पंचायत बूथ संख्या 286, 287 में दास टोला मंदिर के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया यह भवन 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगा। विधायक ने सभी संवेदकों को गुणवत्तापूवर्ण तरीके से कार्य पूरा करने को कहा। इस मौके पर विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल, राजेश सिंह, आयुष माथुर, अकबर अंसारी, जितेंद्र कुमार महतो, रामबिलास प्रजापति और अमर मिश्रा आदि उपस्थित थे।



विकास योजनाओं का शिलान्यास करते बेरमो विधायक अनूप सिंह

## झूमर जैसे लोकनृत्य के आयोजन से बढ़ेगा झारखंड का सम्मान : अमित

**डांडिया महोत्सव का आयोजन, भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने किया उद्घाटन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फार्म में नींव फाउंडेशन की ओर से नवरात्रि के अवसर पर रविवार की देर रात तक डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन भाजपा नेता कुमार अमित, कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह, जवाहर महथा, प्रगति शंकर आदि ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता कुमार अमित ने कहा कि झूमर जैसे लोकतृत्य के आयोजन से झारखंड का सम्मान बढ़ेगा। इससे देश की एकता-अखंडता और मजबूत होगी। अगर झारखंड के लोकप्रिय झूमर जैसे लोकनृत्य का आयोजन भी अगर देश के दूसरे हिस्से में हो तो इससे झारखंड के साथ ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भाव नागरिकों में और सुदृढ़ता होगा। इसके लिए पहले हम झारखंडियों को झूमर और छऊ जैसे लोकनृत्य का आयोजन अपने राज्य में व्यापक स्तर पर करना होगा। जब हम खुद अपनी संस्कृति का सम्मान करेंगे तभी देश के अन्य हिस्सों के लोग हमारे झारखंड की संस्कृति का सम्मान करेगें। कुमार अमित ने आयोजन समिति के बोकारो में डांडिया नृत्य का आयोजन हिंदी गानों के साथ ही खोरठा, नागपुरी, भोजपुरी आदि गानों पर भी कराने का सुझाव दिया है। इस मौके पर स्वैगी सिंह राजपूत, अर्चना गोस्वामी, दीपक राणा, सागर गोस्वामी, विधान दत्ता, डीजे नितेश जैसे बाहर से आए कलाकारों ने उपस्थित लोगों को अपने गानों पर खूब झूमाया। इस अवसर पर आयोजक सोनी शर्मा, मनीष शर्मा, अभि विश्वकर्मा, दीपक शर्मा, सागर पासवान, कनक बादशाह, लालबाबू, चंद्रप्रकाश सिंह, मुकेश सिंह, पियूष पल्लव, दीपक, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## गरबा नृत्य कर बच्चों ने मोहा मन



**कसमार (आजाद सिपाही)।** खैराचातर रणविजय रोशन पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूल के नन्हें बच्चों ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। बोकारो संस्कार एजुकेशनल सोसायटी की सचिव विभा पांडेय ने सभी बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व अभिभावकों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि गरबा नृत्य मां दुर्गा पर भक्तों का अटूट विश्वास और आस्था को दर्शाता है। गरबा मां दुर्गा की अराधना, आस्था, विश्वास का प्रतीक है। यह नृत्य देवी के गर्भ में छिपी उर्जा और शक्ति को प्रकट करता है। मौके पर पंकज जायसवाल, भुवनेश्वर महतो, अमर प्रजापति, काशिफ रजा, प्रीतम महतो, बबलू महतो, सुरजन, सुजीत, दुर्गा, मिट्ठू कुमारी, सरिता कुमारी, मनीषा जायसवाल, रूपा कुमारी, आकांक्षा पटनायक, अब्दुल कादिर जिलानी और रिया जायसवाल आदि मौजूद थे।

## कतरास क्षेत्र में पहली बार डांडिया नाइट का आयोजन



**कतरास (आजाद सिपाही)। श्यामडीह मोड़ स्थित द रिवाज में नव रात्रि के अवसर पर डांडिया नाईट का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन कांग्रेस नेता रोहित यादव ने किया। इसमें धनबाद, झरिया, कतरास और बाघमारा सहित जिले के विभिन्न हिस्सों से महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। डांडिया में डीजे की धुन पर मां दुर्गा की आराधन में महिलाएं विभिन्न गांनों पर जमकर थिरकीं। कतरास में पहली बार आयोजित डांडिया नाइट को लेकर महिलाएं व बच्चियां काफी खुश दिखीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में द रिवाज कि टीम के डॉ ऋतुराज, कौशल सिंह, सोनू विश्वकर्मा, कुमारी आकृति, कुमार दीपेंद्र आदि सक्रिय रहे।**

## बोकारो डीसी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**ऊपरघाट (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित मुंहफरवा निवासी विश्वनाथ महतो ने सोमवार को बोकारो डीसी को आवेदन देकर बताया कि पांच अक्टूबर को अपने मकान पर सोया था। देर रात दो बजे पेंक मुंहफरवा निवासी चमन महतो, टेकलाल महतो, रेवतलाल महतो, कांशी महतो, नेमचंद महतो, टिकैत महतो, भीमलाल महतो , धनेश्वर महतो, प्रकाश महतो, प्रभु महतो, दिनेश महतो और धानेश्वर महतो आदि ने उसके घर पर तलवार, फरसा, टांगी, तीर धनुष, रिवाल्वर आदि से लैस होकर हमला कर दिया। मकान गौशाला तोड़ने लगे।**

## मंईयां सम्मान योजना को ही हाइजैक करने की कोशिश कर रही है भाजपा : संतोष सिंह

### कहा- गोगो दीदी का फॉर्म भरवाकर महिलाओं को भ्रमित करने की कर रही कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना के नाम पर फार्म भरवा कर महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करना और महिलाओं को दिगभ्रमित करना ही भाजपा का काम है। उक्त आरोप धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कही। सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ लोगों से झूठ बोलना, दिगभ्रमित करना, झूठे वादे करना है। अब तो हद हो गई है. झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना को भी हाईजैक करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा षड़यंत्र कर गोगो दिदी योजना का फर्जी फार्म भरवा कर राज्य कि गृहणी महिलाओं, माता-बहनों को दिगभ्रमित करने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में गिरिडीह जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक द्वारा पांच अक्टूरब को ज्ञापांक 473 के पत्र के माध्यम से आम जनता को इस तरह के फर्जी आवेदन से बचने की अपील की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा इस तरह की ओछी राजनीति करना बंद करे। महिलाओं को सम्मान नहीं दे सकते तो कम से कम अपमान तो ना करें। उन्होंने धनबाद जिला प्रशासन को इस संबंध में संज्ञान लेने की अपील की और फर्जी फार्म भरवाने पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## चौकीदार संवर्ग की सीधी नियुक्ति के लिए हुई शारीरिक जांच

**बोकारो (आजाद सिपाही)। चौकीदार संवर्ग की कुल 159 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए सोमवार को बोकारो सदर अस्पताल में आयोजित चिकित्सा जांच परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। सुबह सात बजे से ही अभ्यर्थियों का जुटान होने लगा था। क्रमवार अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज करते हुए उन सभी की चिकित्सा जांच की गयी।**


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(जिला स्थापना शाखा)

–: शुद्धि सूचना :–

इस कार्यालय के ज्ञापांक–451/स्था0 दिनांक 04.10.2024 के द्वारा चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में दिनांक 28.09.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची (रिक्ति का 1:3 के संख्या) प्रकाशित करते हुए संबंधित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 07.10.2024 को शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है। (PR 338074)

संबंधित अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन दिनांक **08.10.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से पुलिस लाईन, चतरा** में किया जाता है। तदनुसार संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र, मूल आधार कार्ड एवं एक अद्यतन फोटो के साथ **पूर्वाह्न 05:00 बजे तक** यथास्थान पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 338198 (District) 24-25 (D)



जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाषः 06534–252219 **Email:** electionkoderma@gmail.com

–:: ई०–निविदा अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना ::–

मंत्रीमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 5903 दिनांक – 09.11.2023 एवं पत्रांक– 6369 दिनांक– 27.12.2023 के आलोक में विधान सभा आम चुनाव, 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय सामग्रियों की खरीदगी एवं सेवाओं की प्राप्ति करने का निदेश प्राप्त है। उक्त प्राप्त निदेश के आलोक में (1) मजदूर एवं सफाई कर्मी (2) व्हीलचेयर आपूर्ति हेतु दिनांक 18.10.2024 के अपराहन् 03:00 बजे तक कुल 02 (दो) ई –निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा दिनांक– 21.10.2024 को अप० 02:00 बजे समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी ई– निविदा आमंत्रित की जा रही है, कि विवरणी तथा नियम एवं शर्तें **https://jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 338184 (Election)24-25*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –03 वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः **15.10.2024** को अपराहृण **1.00** बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः **16.10.2024** कोअपराहृण **3.00** बजेतक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः **16.10.2024** को अपराहृण **3.30** बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | White washing of Boundary wall of MCH, SDO Office and near all Gov. office, Dist -khunti. | 9,75,500.00 | 1,250.00 | 19,600.00 | 05 दिन |
| 2 | Painting work for Vikash Bhawan Building at khunti, Dist-khunti. | 3,82,100.00 | 750.00 | 7,700.00 | 03 दिन |
| 3 | Painting work for S.P. Office Building at khunti, Dist-Khunti. | 4,51,950.00 | 750.00 | 9,100.00 | 03 दिन |

नोट :– झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 338172 Building (24-25)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– **22/2024-25/RWD/CHATRA** दिनांक– 05.10.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/132/ 2024-25 | प्रतापपुर | सिद्दकी | लेवडीया | देवी स्थान से स्कूल होते हुए दुलर महतो तक घर तक PCC पथ निर्माण | 5255200.00 | बावन लाख पचपन हजार दो सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/133/ 2024-25 | प्रतापपुर | योगियारा | चामी टोला | भिथा में बैगा टोली से धराधरी स्कूल तक PCC पथ निर्माण | 5699700.00 | छप्पन लाख निन्यानबे हजार सात सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/134/ 2024-25 | प्रतापपुर | जोगीडीह | जोगीडीह | शनीचरी बजार से देवी मण्डप होते हुए गिदधा सिमाना तक PCC पथ निर्माण | 6725000.00 | सरसठ लाख पच्चीस हजार मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ CHATRA/135/ 2024-25 | प्रतापपुर | जोगीडीह | बराटपुर | आर.ई.ओ. रोड़ से मिठुआ डाहा तक PCC पथ निर्माण | 5434600.00 | चौअन लाख चौंतीस हजार छः सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ CHATRA/136/ 2024-25 | प्रतापपुर | टंडवा | गोमे | आर.ई.ओ. रोड़ से मंजुराही तक PCC पथ निर्माण | 6522900.00 | पैंसठ लाख बाईस हजार नौ सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/ CHATRA/137/ 2024-25 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | P.W.D रोड़ से भौरा आहर होते हुए राधो यादव के घर तक PCC पथ निर्माण | 5340800.00 | तिरेपन लाख चालीस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 7 | RWD/ CHATRA/138/ 2024-25 | प्रतापपुर | रामपुर | कसमार | आर.ई.ओ. रोड़ से छठ घाट तक PCC पथ निर्माण | 6031500.00 | साठ लाख एकतीस हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 8 | RWD/ CHATRA/139/ 2024-25 | प्रतापपुर | रामपुर | भंगिया | संतोष यादव के घर से गणेश यादव के घर होते हुए बैगा टोली तक PCC पथ निर्माण | 7001000.00 | सत्तर लाख एक हजार मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 9 | RWD/ CHATRA/140/ 2024-25 | प्रतापपुर | बभने | बभने | पक्की सड़क होत हुए जगुराम के घर तक PCC पथ निर्माण | 2615500.00 | छब्बीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 10 | RWD/ CHATRA/141/ 2024-25 | प्रतापपुर | डुमरवार | गुरुडीह | प्रकाश यादव के घर से परहिया टोला पलामू सिमाना तक PCC पथ निर्माण | 5449500.00 | चौअन लाख उन्चास हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 11 | RWD/ CHATRA/142/ 2024-25 | प्रतापपुर | डुमरवार | डुमरवार | सीआरपीएफ कैम्प से उ.म.वि. तक PCC पथ निर्माण | 6205400.00 | बासठ लाख पाँच हजार चार सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |
| 12 | RWD/ CHATRA/143/ 2024-25 | प्रतापपुर | डुमरवार | चरका खुर्द | उच्च विद्यालय से केसर भारती के घर तक PCC पथ निर्माण | 6217500.00 | बासठ लाख सतरह हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 338207 Rural Work Department(24-25).D

### घाघरा, सिसई और बिशुनपुर में मंईयां सम्मान यात्रा में कल्पनाः भाजपा मतलब पीआइएल मास्टर गैंग

# हमारी किसी न किसी योजना से जनता अंतिम सांस तक जुड़ी रहती है: कल्पना










**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा, सिसई, बिशुनपुर।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य की जनता को अंतिम सांस तक सरकारी योजना से जोड़े रखने का काम किया है। मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान सोमवार को यहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की योजनाओं से जनता हमेशा जुड़ी रहती है। मंईयां सम्मान यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि इसके जरिये हम लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी को पीआइएल मास्टर गैंग करार दिया।

कल्पना सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वज सालों पहले से जानते थे कि वन ही हमारे जीवन को बचा सकते हैं। पेड़ ही हमारी रक्षा कर सकते हैं। इसलिए हम दशकों

**बीजेपी दरअसल पीआइएल मास्टर गैंग बन गयी है**

पहले से जंगल, यानी प्रकृति की पूजा करते आये हैं। पेड़ की वंदना करते आये हैं। इसीलिए हमारी संस्कृति, भाषा और परंपरा बची हुई है और यही हमारा गर्व है। उन्होंने कहा कि हेमंत अपनी भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और वे तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक कि हमारी भाषा और संस्कृति व समृद्धि को पहचान नहीं मिल जाती।

कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य की विपक्षी पार्टियां हेमंत सरकार के काम से परेशान हो गयी हैं। इनको कभी भी झारखंडियत और आदिवासियत पसंद नहीं आती है। 2014 में जब इनकी सरकार बनी, तो इन्होंने राज्य के अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली बंद कर दी। आज चाहे गुमला हो, लोहरदगा हो, सिसई हो, शिक्षा का स्तर मजबूत करने का काम हमने किया है। विपक्ष नहीं चाहता है कि हम शिक्षित हों। लेकिन हेमंत सोरेन ने इन स्कूलों में शिक्षकों की बहाली शुरू की, क्योंकि वह जानते हैं कि झारखंड को आगे बढ़ना है तो हमारी पीढ़ी को शिक्षित होना होगा। इस काम में हमारे विद्यालय और हमारे शिक्षक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। विपक्षी की सरकार हजारों हजार स्कूल बंद करा देती है, लेकिन हमारी सरकार सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलती हैं। बच्चियों को पढ़ाने के लिए सावित्री बाई फुले योजना शुरू करते हैं। इस योजना का उद्देश्य ही है राज्य की बच्चियों को शिक्षित बनाने की। हमारी सरकार, अपनी सरकार, अबुआ सरकार नियोजन नीति लाती है, सरना धर्म कोड लाती है और पिछड़ों के लिए आरक्षण लाती है। सरना धर्म कोड हमारी पहचान और हमारी संस्कृति है। हम इस विधेयक को विधानसभा से पारित कराते हैं और ये लोग इसे रोक देते हैं। बीजेपी नहीं चाहती है कि हमारा अस्तित्व बचे। हमारा अपना सरना धर्म कोड हो। उन्होंने कहा कि जिनको हमारी भाषा, हमारी संस्कृति समझ में नहीं आती, वो क्या हमारे अस्तित्व की रक्षा करेंगे। हेमंत सोरेन ने आधी आबादी के लिए ऐसी गहरी लकीर खींची है कि इसे अब कोई नहीं मिटा सकता। मंईयां सम्मान योजना के जरिये पहली बार ये काम राज्य में किया गया है। विपक्ष को ये कभी नहीं सुहाता है। इनको रोड़ा अटकाना खूब आता है। मंईयां सम्मान योजना के लिए इन्होंने पीआइएल कर दिया। नियोजन नीति के खिलाफ कोर्ट चले गये। हर योजना के खिलाफ पीआइएल दायर कर देते हैं। विपक्ष पीआइएल मास्टर गैंग हो गया है। ये लोग नहीं चाहते हैं कि हमारा झारखंड पहले नंबर पर आये। ये चाहते हैं कि यहां की जमीन के अंदर के खनिज को दूसरे राज्यों में लेकर जायेंगे। लेकिन हम अगर अपना बकाया 1.36 लाख करोड़ मांगते हैं, तो इनको तकलीफ हो जाती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार का मनरेगा का पैसा भी केंद्र सरकार के पास बाकी है। विपक्ष के पास यहां के खनिज के लिए प्लान है, लेकिन यहां की जनता कैसे खुशहाल हो, इसके लिए इनके पास कोई प्लान नहीं है। कल्पना सोरेन गुमला के सिसई, घाघरा और बिशुनपुर में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा में शामिल हुईं।

## केंद्र सरकार झारखंड की हकमारी करती है: जिग्गा सुसारण होरो

सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम आवास योजना को रोक दिया। इसीलिए हमने प्रदेश की बेघर जनता के लिए अबुआ आवास योजना लेकर आये और बेघर या कच्चे मकान वाले जनता को तीन कमरे का पक्का मकान देने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की हकमारी करती है।

## बीजेपी वालों के पेट में दर्द हो रहा है: भूषण तिर्की

गुमला के विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना सफल है। इसे देख कर बीजेपी वालों के पेट में दर्द हो रहा है। झारखंडियों की खुशहाली इनसे देखी नहीं जाती है। ये लोग केवल नकारात्मक राजनीति करते हैं।


## ये रहे उपस्थित

मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष बॉबी भगत, प्रमुख सविता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णा कुमार लोहरा, गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी तरुण कुमार, पशुपालन पदाधिकारी सीमा एक्का, शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित प्रखंड प्रशासन और पुलिस के जवान सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## सुबह 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी वार्षिक रखरखाव के लिए देवगढ़ जिले के रेंगालबेड़ा, रिआमाल, तावड़ा, गुंडेईमरा, पाइकनगर, छताबर, नाउलीपड़ा, तारंग, तुहिलामाल, कादपड़ा, कंटाबाहाल, गोहिरा, कनसर, पुलबंधा, तिलेइबणि, प्रभासुनी, कुदुर, पारपोशी, लइमुरा, झरागोगुआ, डीमिरिकुदा, कुरोड और इसके आसपास के इलाकों में 08 को (मंगलवार) प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है।

उधर, बुर्ला ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी वार्षिक रखरखाव के लिए देवगढ़ जिले में बारकोट, दनरा, डांडसिंहा, रणजा, अमाकटा, कादोपड़ा, भक्तवडकुदर, बामपरडा, बहाडापोशी, खजुरिखमान और सुंदरगढ़ जिले के महुलडीहा, फुलझर, खंडाधार, खूंट गांव, जांगला, अखरसिला, थिआनाल, आमगांव आदि क्षेत्र एवं उसके आसपास क्षेत्र में 09 को (बुधवार) प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।



# किस ने वॉलीबॉल में नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** किस वॉलीबॉल महोत्सव ने वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच में सबसे अधिक खिलाड़ियों के लिए एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें एक ही खेल में 430 प्रतिभागी एक साथ आए हैं। यह पहल अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ (एफआइवीबी) वॉलीबॉल फाउंडेशन, कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट) द्वारा आयोजित की गयी थी, जिसका उद्देश्य एक नया कीर्तिमान स्थापित करना था। यह आयोजन एक इनडोर वॉलीबॉल प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों के लिए 430 खिलाड़ियों को एक साथ लाया। 4 अक्टूबर 2024 को आयोजित किस वॉलीबॉल महोत्सव ने इतिहास रच दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने 136 प्रतिभागियों द्वारा पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिसमें 3 दिसंबर 2011 को टेलीथॉन 2011 के दौरान एसोसिएशन स्पोर्टिव डी सेंट जेनिस लेस ओलियरेस और सेंट जेनिस लेस ओलियरेस (दोनों फ्रांस में) द्वारा स्थापित किया गया था। रिकॉर्ड तोड़ने वाला मैच आठ घंटे तक चला, जिसमें कुल स्कोर 736-756 था। इस कार्यक्रम में ब्रह्मपुत्र वॉलीबॉल लीग की टीमों ने भी भाग लिया। एफआइवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन, किट और किस के बीच साझेदारी में आयोजित इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने 5,000 युवा वॉलीबॉल प्रशंसकों सहित 40,000 से अधिक उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। यह उपलब्धि खेल में ओडिशा का पहला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और वॉलीबॉल में भारत का दूसरा रिकॉर्ड है। पहला रिकॉर्ड एक मिनट (38 सर्व) में सबसे सफल वॉलीबॉल सर्व का था, जो 22 सितंबर 2021 को पुडुचेरी, भारत में अमुथा गुनासेकर द्वारा हासिल किया गया था।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पूर्व तट रेलवे की जीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने हाल ही में संपन्न ऑल इंडिया रेलवे बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार प्रतिष्ठित पदक जीते। पुरुष टीम ने दो रजत पदक जीते, जबकि महिला टीम ने एक रजत और एक कांस्य पदक अर्जित किया, जो राष्ट्रीय मंच पर उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। उनकी उपलब्धियों के सम्मान में, छह उत्कृष्ट खिलाड़ियों-पुरुष टीम से तीन और महिला टीम से तीन-को राष्ट्रीय मुक्केबाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जो पूर्व तट रेलवे को एथलीटों के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। भुवनेश्वर में, पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूं कवाल ने व्यक्तिगत रूप से विजयी मुक्केबाजों को सम्मानित किया, उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें रेलवे और देश दोनों के लिए गौरव हासिल करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।









# वेदांता एल्युमीनियम ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य पहल को मजबूत किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अपने परिचालन में सामुदायिक-संचालित स्वास्थ्य पहलों के साथ राष्ट्रीय पोषण माह 2024 मनाया। यह अभियान विशेष रूप से बच्चों, किशोरों और माताओं को शामिल करने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें संतुलित आहार के महत्व और पोषण सेवन सुनिश्चित करने के लिए भोजन के सही विकल्प पर जोर दिया गया है। हर साल, यह महीना भारत सरकार द्वारा मनाया जाता है और इस साल की थीम ह्यसभी के लिए पौष्टिक आहार है। वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी सुनील गुप्ता ने इन पहलों पर टिप्पणी करते हुए कहा, पोषण हमारे समुदायों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है और वेदांता एल्युमीनियम में हम स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए समर्पित हैं। स्थानीय समुदायों के साथ जुड़कर हमारा उद्देश्य पौष्टिक भोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हमारे प्रयास स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को दशार्ते हैं। भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की एक इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) में पोषण माह के दौरान वेदांता द्वारा समर्थित आधुनिक आंगनवाड़ियों, नंदघरों में पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की पहल की गयी। गतिविधियों में ह्यटेक होम राशन रेसिपी प्रशिक्षण, एनीमिया जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए विशेष देखभाल शामिल थी। सामुदायिक रेसिपी प्रतियोगिता और पिताओं के साथ चर्चाओं ने पारिवारिक पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। 30 सितंबर 2024 को पोषण माह समापन समारोह में इन प्रयासों का जश्न मनाया गया, जिसमें चैंपियन माताओं को सम्मानित किया गया और पोषण वार्ता वीडियो श्रृंखला और 'पोषण पत्रिका' समाचार पत्र लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य स्थायी पोषण प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

वेदांता एल्युमीनियम के लांजीगढ़ रिफाइनरी परिचालन में, महीने भर चलने वाली गतिविधियों में बच्चों, किशोरों और माताओं को संतुलित आहार और पौष्टिक खाद्य विकल्पों के महत्व को बढ़ावा देने में शामिल किया गया, जो भारत सरकार की थीम, 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' के अनुरूप है। शून्य भूख और अच्छे स्वास्थ्य के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ संरेखित, गतिविधियों में खाद्य प्रदर्शनियां, खाना पकाने की प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य संवेदीकरण अभियान शामिल थे। इसके अतिरिक्त, 'पहली उड़ान' परियोजना ने स्क्रीनिंग और सब्जी उद्यान और बाग लगाने जैसी समुदाय-संचालित पहलों के साथ एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरू करके किशोरों के स्वास्थ्य को संबोधित किया। आधुनिक नंद घरों में प्रोटीन शेक और पोषण किट वितरित किए गये, जिससे अब तक 700 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। झारसुगुड़ा में, कंपनी ने जिला कल्याण अधिकारी को बाजरा प्रोटीन शेक की 17,500 इकाइयाँ प्रदान कीं, जो समुदाय में बच्चों और माताओं के लिए पोषण संबंधी सहायता सुनिश्चित करते हुए 175 नंद घरों में उनके वितरण की देखरेख करेंगे। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21